भोपाल
शुक्रवार, 13 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 222
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आज 1.24 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में आएंगे 1,831 करोड़ रुपए

पिछोर से सीएम यादव लाड़ली बहना की 42 वीं किस्त भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 13 नवंबर को शिवपुरी जिले के पिछोर से प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 42 वीं किस्त के रूप में 1,831 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर शिवपुरी जिले में 221 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जून 2023 में लगभग सवा करोड़ महिलाओं को प्रथम किस्त का अंतरण किया गया था। अक्टूबर तक योजना की 41 मासिक किस्तों के माध्यम से पात्र महिलाओं के खातों में 67 हजार 230 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि अंतरित की जा चुकी है। नवंबर 2026 में 42 वीं किस्त के अंतरण के बाद योजना के प्रारंभ से कुल आर्थिक सहायता राशि बढ़कर लगभग 69 हजार 50 करोड़ 28 लाख रुपए हो जाएगी। योजना के अंतर्गत नियमित मासिक आर्थिक सहायता के अतिरिक्त अगस्त 2023, अगस्त ▶▶ शेष पेज 6 पर



जून 2023 से अब तक 69 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सहायता

केस डायरी, जांच रिपोर्ट और चार्जशीट बनाने तक बड़े-बड़े काम संभालेगी तकनीक

हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन बनेगा देश का पहला एआई पुलिस थाना

अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अलग खबर

सरकारी विभागों में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। तेलंगाना में हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन को भारत के पहले एआई बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है जिसमें शिकायत दर्ज करने से लेकर चार्जशीट बनाने तक जरूरी कामों में एआई का उपयोग किया जाएगा। एआई के क्षेत्र में भले ही मुख्य प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच होती है, लेकिन इस तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत तीसरे स्थान पर है।



एआई फोटो

10 भाषाओं में शिकायत देने की सुविधा: इस पुलिस स्टेशन में कई सुविधाओं को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन्हीं में से एक है सेतु कियोस्क। इसकी मदद से लगभग 10 भाषाओं में इस पुलिस स्टेशन में शिकायत ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रमुख कामों में एआई का उपयोग

हैदराबाद पुलिस कमिश्नर सज्जनार ने हाल ही में इस पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया। अगले महीने डीजीपी सीवी आनंद, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई के यूज की शुरुआत करेंगे। दावा है कि इस पुलिस स्टेशन को देश के पहले एआई-बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर डेवलप किया जा रहा है। पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई का शामिल किया जा रहा है, ताकि पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों दोनों को फायदा मिले। आने वाले दिनों में इस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने से लेकर केस डायरी बनाने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और चार्जशीट फाइल करने से कामों में एआई का उपयोग होगा।

Nh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

डॉलर की मजबूती से रुपया 94.04 पर पहुंचा

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच भारतीय रुपया 33 पैसे टूटकर 94.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 93.71 प्रति डॉलर पर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.73 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 93.62 के उच्चतम तथा 94.06 के निचले स्तर तक पहुंचा।



खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर

नई दिल्ली। देश में महंगाई ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 5.54% थी। दो साल में पहली बार महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6% की ऊपरी सीमा से पार हुई है। लगातार 12वें महीने महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई।



अमिताभ के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, महापौर कार्यालय और पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जान से मारने की धमकी मिली। आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर सात करोड़ की फिरौती मांगी थी।



दीपावली मिलन समारोह में मीडिया से बोले प्रधानमंत्री मोदी

भारत की सफलता की प्रेरक कहानियां दुनिया तक पहुंचाएं

इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की



रेल मंत्री वैष्णव के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी

पीएम ने कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इसलिए भारतीय कंटेंट में देश की उपलब्धियों, गौरव और सकारात्मक पक्ष को जगह मिलनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के दौर में किसी देश की पहचान सिर्फ उसकी आर्थिक ताकत या विकास से नहीं, बल्कि दुनिया के सामने उसकी कहानी किस तरह पेश की जाती है, इससे भी बनती है। भारत के पास युवाओं की प्रतिभा, नई उपलब्धियां और दुनिया को बताने के लिए कई सकारात्मक कहानियां हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मीडिया से अपील की कि वह अपनी संवाद की ताकत का इस्तेमाल दुनिया तक भारत की सफलता की कहानियां पहुंचाने में करे। उन्होंने नशे के खिलाफ देश की लड़ाई में भी मीडिया से सहयोग मांगा।

पीएम मोदी ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आजादी की 100वीं वर्षगांठ का साल होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देश की ▶▶ शेष पेज 6 पर



नशे के खिलाफ लड़ाई में भी करें मदद

मंच पर राजनाथ, पीएम मोदी, नवीन और शाह

- 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का जिक्र किया
- दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित हुआ दीपावली मिलन समारोह

अब विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं

पीएम ने कहा कि जब किसी काम की समय-सीमा तय होती है तो प्राथमिकताएं, काम करने का तरीका और रफ्तार बदल जाती है। देश भी 2047 की समय-सीमा को ध्यान में रखकर काम कर रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत की मौजूदा उपलब्धियों को देखते हुए विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने मीडिया क्षेत्र में डेडलाइन का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह बात व्यक्ति, संस्था, देश तीनों पर लागू होती है। उन्होंने कहा, आज ▶▶ शेष पेज 6 पर

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम बनाया हमने

उन्होंने भारत के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने 12 सालों में अपनी सोलर जनरेशन कैपेसिटी 50 गुना बढ़ाई है। भारत ने 12 सालों में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम तैयार किया है। पीएम मोदी ने इन उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, जब हम इतना कुछ कर सकते हैं तो विकसित भारत का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

एनडीए सरकार गरीबी दूर करने में सफल रही

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए सरकार देश से गरीबी दूर करने में सफल रही ▶▶ शेष पेज 6 पर

दीवार में किया छेद, गैस कटर से तिजोरी काटी

कटनी में ज्वेलरी शोरूम से 12 करोड़ रु. के जेवर चोरी

- दिवाली के लिए रखा था अतिरिक्त स्टॉक
- छह से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरगवां स्थित किसना ज्वेलर्स शोरूम में बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शोरूम की पिछली दीवार में करीब पौने दो फीट का छेद कर अंदर घुसे बदमाश लगभग 12 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने गैस कटर से तिजोरी काटी और उसमें रखे जेवर निकाल लिए। दिवाली के कारण शोरूम में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक आभूषण रखे गए थे। शोरूम संचालक मोहन बजाज के मुताबिक बदमाशों ने दीवार तोड़ने के बाद उसके नीचे पत्ते बिछा दिए थे। इसका मकसद अंदर घुसते समय और ऑक्सीजन सिलेंडर को भीतर ले जाते वक्त होने वाली आवाज को दबाना था। शुरुआती जांच के अनुसार वारदात 12 नवंबर की सुबह 4 से 7 बजे के बीच हुई। पुलिस को लाल पहाड़ी से बड़ा ऑक्सीजन सिलेंडर, घरेलू गैस सिलेंडर, गैस कटर, तीन पेचकस, एक पाना, पानी की खाली बोतलें और कुछ कपड़े मिले हैं। स्निफर डॉग भी शोरूम से लाल पहाड़ी की तरफ गया था। वारदात को अंजाम देने के तरीके से छह से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका है।



दीवार तोड़कर घुसे बदमाश

सुरक्षा गार्ड से पूछताछ

एसपी अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि शोरूम और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। सुरक्षा गार्ड भागवत तिवारी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। संचालक ने बताया कि शोरूम इसी साल जून में शुरू हुआ था। यहां रखे सभी आभूषणों का बीमा कराया गया था।

यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कार्रवाई

अखाड़ा श्री निरंजनी ने इंद्रदेव से महामंडलेश्वर पद छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



- महिला ने रेप की दर्ज कराई थी शिकायत

स्वामी इंद्रदेव महाराज को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। मुंबई की एक महिला ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। पुरी के मुताबिक इंद्रदेव को अखाड़े ने महामंडलेश्वर ▶▶ शेष पेज 6 पर

दिलजीत कॉन्सर्ट धमकी केस

देवास के युवक की हैक आईडी से भेजा था ईमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



- अमेरिकी आईपी एड्रेस का मिला सुराग

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट को बम धमाके से उड़ाने की धमकी के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिला है। जांच में सामने आया कि धमकी भरा एक ईमेल देवास के युवक निखिल गुप्ता की हैक की गई ईमेल आईडी से भेजा गया था। उसका अकाउंट ▶▶ शेष पेज 6 पर

नाथू बरखेड़ा मैदान को मिला सर्टिफिकेट

हैदराबाद के बाद भोपाल में भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



- 19 से महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

मप्र के खेल इतिहास में बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के हॉकी मैदान को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने कैटेगरी-1 का प्रमाणपत्र दिया है। इसके साथ ही भोपाल हैदराबाद के बाद देश का दूसरा शहर बन गया है, जहां इस श्रेणी का प्रमाणित हॉकी मैदान है। मध्यप्रदेश में यह पहला ▶▶ शेष पेज 6 पर

दो महिलाओं से कथित संबंधों और चीनी जासूसी के आरोपों ने बढ़ाया संकट

एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग का इस्तीफा, 33 साल बाद छोड़ा पद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया में बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। कंपनी के सह-संस्थापक और करीब 33 साल से सीईओ का पद संभाल रहे जेन्सन हुआंग ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले के पीछे हनीट्रैप विवाद और कथित व्यक्तिगत संबंधों को लेकर उठे सवालों को प्रमुख वजह माना जा रहा है। 63 वर्षीय हुआंग के खिलाफ दो महिलाओं से कथित विवाहेतर संबंधों और उनमें से एक के चीनी ▶▶ शेष पेज 6 पर



- बोर्ड की बैठक के बाद नेतृत्व में बदलाव
- उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें तेज

अब कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ

कंपनी ने नए लीडरशिप की व्यवस्था का भी ऐलान कर दिया है। कंपनी की कमान मौजूदा सीएफओ कोलेट क्रेस संभालेंगी। उन्हें अंतरिम सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है।



होटल का 70 हजार से ज्यादा का था बिल

रिटायर्ड डीएसपी के इंजीनियर बेटे की होटल की चौथी मंजिल से गिरकर मौत



राजकुमार यादव, मृतक

नौकरी छोड़कर खुद का कारोबार शुरू करने की तैयारी में था राजकुमार यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

निपानिया स्थित त्रिवेणा होटल में बुधवार देर रात चौथी मंजिल से गिरने पर 46 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर राजकुमार यादव की मौत हो गई। वह पिछले डेढ़ महीने से पत्नी सरवरी बेगम और 8 साल की बेटी के साथ होटल के कमरा नंबर 401 में रह रहे थे। होटल का बिल 70 हजार रुपए से अधिक हो चुका था। बुधवार शाम पत्नी बेटी को लेकर कोलकाता रवाना हो गई थी। उसने राजकुमार से वहां पहुंचने के बाद रुपए भेजने की बात कही थी। रात करीब 2 बजे होटल के पीछे खाली प्लॉट में राजकुमार का शव मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी के मुताबिक, राजकुमार प्लॉट बेचने से मिलने वाली रकम का इंतजार कर रहे थे। इसी से होटल का बकाया चुकाने और अपना कारोबार शुरू करने की योजना थी। वह कुछ समय पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ चुके थे। परिवार दिसंबर 2025 से अलग-अलग होटलों और किराए के मकानों में रह रहा था। पुलिस को होटल के एक कैमरे में राजकुमार रात करीब एक बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

क्लीनिकल एक्सीलेंस और एआई का होगा अनूठा संगम

मकसद-मेडिकल ग्रेजुएट्स न केवल बेहतरीन डॉक्टर बनें बल्कि इनोवेटर्स भी बनें

आईआईटी खड़गपुर में इंजीनियरिंग के साथ होगी डॉक्टरी की पढ़ाई, नीट पीजी से मिलेगा दाखिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर

देश में यह होगा पहली बार

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का नाम आते ही जेहन में सबसे पहले देश के बेहतरीन इंजीनियर्स और टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स की तस्वीर उभरती है। लेकिन, अब यह तस्वीर बदलने जा रही है। देश के सबसे पहले और प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी खड़गपुर ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मेडिकल शिक्षा की दुनिया में बड़ा कदम रखा है। यह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से



मान्यता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट मेडिकल डिग्री (एमडी) प्रोग्राम शुरू करने वाला देश का पहला आईआईटी बन गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से संस्थान अपने डॉ. बीसी रॉय मल्टी-स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर में एमडी छात्रों के पहले बैच का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस पहल के साथ ही आईआईटी सिस्टम में पीजी मेडिकल एजुकेशन के एक नए दौर की शुरुआत हो गई है। इस ऐतिहासिक शुरुआत पर आईआईटी खड़गपुर के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने संस्थान के विजन को साझा किया। उन्होंने कहा कि देश का पहला आईआईटी अब मेडिकल एजुकेशन के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार ▶▶ शेष पेज 6 पर

इन 6 विषयों में होगी एमडी की पढ़ाई

आईआईटी इतिहास के इस पहले पोस्टग्रेजुएट मेडिकल बैच के लिए संस्थान ने कुल 6 विषयों में एमडी प्रोग्राम शुरू किए हैं। हर विषय में 2-2 सीटें निर्धारित की गई हैं (कुल 12 सीटें)

- जनरल मेडिसिन: 2 सीटें
- रेडियोलॉजी: 2 सीटें
- फिजियोलॉजी: 2 सीटें
- पैथोलॉजी: 2 सीटें
- कम्युनिटी मेडिसिन: 2 सीटें
- बायोकेमिस्ट्री: 2 सीटें

छठ, दीपावली की भीड़ से ट्रेनें फुल, एसी और स्लीपर के भी जनरल जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली पर घर पहुंचकर त्योहार मनाने वाले अब वापस लौटने के लिए परेशान हो रहे हैं। वहीं, छठ पर्व के चलते बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों की भीड़ ने ट्रेनों में दबाव और बढ़ा दिया है। हालात यह हैं कि लंबी दूरी की ट्रेनों के स्लीपर कोच में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं और कई ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार पहुंच गई है। जनरल कोच में भी पैर रखने तक की जगह नहीं है। बुधवार से ही यात्रियों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया था, जो गुरुवार को और तेज हो गया। रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई।

भोपाल से बिहार, यूपी, दिल्ली, मुंबई और पुणे जाने वाली ट्रेनों में 100 से ज्यादा वेटिंग, छठ पर्व के चलते भी बढ़ा यात्री दबाव



कई ट्रेनों में 100 से ज्यादा वेटिंग, बर्थ के लिए जद्दोजहद

इस सप्ताह ट्रेनों में भीड़ से राहत मिलने की उम्मीद कम है। भोपाल से बिहार, यूपी, दिल्ली, मुंबई और पुणे की ओर जाने वाली कई ट्रेनों में कन्फर्म टिकट उपलब्ध नहीं हैं। भोपाल से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में 100 से 110 से अधिक तक वेटिंग चल रही है। ऐसे में यात्रियों को मजबूरी में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जनरल कोच की स्थिति भी बेहद खराब है। यात्री कोच में जगह नहीं मिलने पर गेट और टॉयलेट के आसपास बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। महिला और दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है।

शताब्दी और हमसफर जैसी ट्रेनों में भी वेटिंग

दीपावली के बाद वापसी और छठ पर्व के लिए आवाजाही बढ़ने से कामायनी, उत्कल, बलिया, कुशीनगर, पंजाब मेल, पठानकोट, मंगला, सचखंड, दक्षिण, झेलम, नांदेड़, छत्तीसगढ़, पातालकोट, जीटी, गोंडवाना, रेवांचल और इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार पहुंच गई है। भोपाल से चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस और हमसफर जैसी प्रीमियम ट्रेनों में भी 50 से अधिक वेटिंग मिल रही है। झेलम एक्सप्रेस में भी वेटिंग 100 के करीब है।

स्लीपर कोच में भी यात्रियों की भारी भीड़

गुरुवार को भोपाल से दिल्ली और अन्य बड़े शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी भारी भीड़ रही। भोपाल एक्सप्रेस, केरल एक्सप्रेस, तमिलनाडु एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस और गोवा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में यात्रियों का दबाव अधिक रहा। आरक्षित कोचों में भी भीड़ के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। दीपावली के बाद एक साथ लौट रहे यात्रियों और छठ पर्व के लिए घर जा रहे लोगों के कारण रेल यातायात पर दोहरा दबाव बन गया है।

रेलवे स्टेशनों पर गूंज रहे छठी मैया के गीत, घर लौटने वाले यात्रियों को मिल रहा पर्व का एहसास

भोपाल। छठ महापर्व पर बिहार और पूर्वांचल लौट रहे यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर भी घर जैसा माहौल मिल रहा है। भोपाल मंडल के भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, बीना और गुना रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा स्पेशल ट्रेनों के रवाना होने से पहले छठी मैया के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। उद्घोषणा प्रणाली से गूंज रहे केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव और काँच ही बाँस के बहंगिया जैसे गीत यात्रियों को छठ पर्व की आस्था और परंपरा से जोड़ रहे हैं।

भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, बीना और गूना स्टेशन पर स्पेशल ट्रेनों के रवाना होने से पहले हो रहा गीतों का प्रसारण, सुरक्षा के भी किए विशेष इंतजाम

भारतीय रेलवे की इस पहल के तहत देशभर के 30 से अधिक प्रमुख स्टेशनों पर छठ गीत बजाए जा रहे हैं। इससे घर लौट रहे यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही त्योहार जैसा माहौल मिल रहा है। खासकर बिहार और पूर्वांचल जाने वाले यात्रियों के लिए यह पहल यात्रा को यादगार बना रही है। इधर, त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए हैं। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, ताकि यात्रियों की सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

चार लाख से अधिक श्रद्धालु करेंगे सूर्योपासना, नहाय-खाय से होगी शुरुआत

सर्वार्थ सिद्धि योग में आज से शुरू होगा छठ महापर्व राजधानी के 50 से अधिक घाटों पर उमड़ेगी आस्था

15 नवंबर को डूबते और 16 को उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य, छठ महापर्व की तैयारी तेज, घाटों पर बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश

छठ पूजा से पहले महापौर ने घाटों का लिया जायजा-छठ व्रतियों को घाटों पर नहीं हो परेशानी, व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश

छठ पूजा पर श्रद्धालुओं की सुविधा का जिम्मा निगम पर, महापौर ने परखी तैयारियां घाटों पर सफाई से सुरक्षा तक पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार 13 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। इस बार राजधानी में 50 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा के सामूहिक आयोजन होंगे। इनमें भोजपुरी समाज के चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। पर्व की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में व्रती भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की खुशहाली की कामना करेंगे।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे के अनुसार, धार्मिक मान्यता है कि छठ पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और वैभव आता है। संतान की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए भी यह व्रत किया जाता है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ पर्व की शुरुआत होगी। इस दिन व्रती स्नान के बाद सात्विक भोजन ग्रहण करेंगे।

सुख-समृद्धि, वैभव और संतान की खुशहाली के लिए किया जाता है व्रत, चार दिन चलेगा महापर्व



खटलापुरा मंदिर में छठ की तैयारियां पूरी।

नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा महापर्व

सरस्वती मंदिर छठ घाट पर पांचों कुंड तैयार, भगवान को लगेगा भोग



सरस्वती मंदिर।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए बिहार सांस्कृतिक परिषद द्वारा सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट, बरखेड़ा, में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगातार चलाए गए स्वच्छता अभियान के बाद पांचों छठ कुंड तैयार हो चुके हैं।

शुक्रवार, 13 नवंबर को छठव्रती नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय व्रत का शुभारंभ करेंगे। संस्था के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने बताया कि नहाय-खाय के दिन व्रती स्नान, पूजा, हवन एवं ध्यान के उपरांत लौकी-भात (चावल), चना दाल, सूरन की सब्जी एवं भजिया आदि सात्विक पकवान तैयार कर भगवान को भोग अर्पित करेंगे। परिषद के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा पांचों छठ कुंडों, प्राचीन कुएं तथा संपूर्ण परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया है। महापर्व छठ पूजा के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए व्रतियों को बैठने, पूजा की वेदी बनाने, डलिया एवं सूप रखने तथा पूजा-अर्चना करने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग ढाई हजार परिवार पांचों कुंडों के चारों ओर पूजा-अर्चना के लिए अपनी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कर चुके हैं।

कल खरना पर गुड़ की खीर का लगेगा भोग

शनिवार 14 नवंबर को खरना होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगे और शाम को भगवान को गुड़ की खीर का भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना के दौरान विशेष शुद्धता और नियमों का पालन किया जाता है। मान्यता के अनुसार, प्रसाद ग्रहण करते समय किसी तरह का शोर या व्यवधान होने पर व्रती भोजन बीच में ही छोड़ देते हैं। इसलिए घरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष शांति रखी जाती है।

सामग्री सजाकर घाटों पर पहुंचेंगे श्रद्धालु

रविवार 15 नवंबर को व्रती निर्जला उपवास रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस दौरान श्रद्धालु बांस के सूप और डलियों में गन्ना, मौसमी फल, पकवान और पूजन सामग्री सजाकर घाटों पर पहुंचेंगे। इसके अगले दिन सोमवार 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय व्रत का समापन होगा।

इन स्थानों पर होंगे सामूहिक आयोजन

छठ पूजा के लिए शहर के 50 से अधिक स्थानों पर घाटों और मंदिरों में तैयारियां की गई हैं। प्रमुख आयोजन शीतलदास की बगिया, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, करबला पंप घाट, बेहटा गांव, एकतापुरी, अशोका गार्डन, करोंद, बागसेवनिया स्थित विश्वकर्मा मंदिर, सरस्वती मंदिर, बरखेड़ा, शिव मंदिर, कलियासोत, जाटखेड़ी, द्वारका नगर, राजेंद्र नगर, ओल्ड सुभाष नगर और अयोध्या नगर सहित अन्य स्थानों पर होंगे। कई मंदिरों में विशेष पूजा कुंड बनाए गए हैं, जहां पानी भरकर सूर्यदेव को अर्घ्य देने की व्यवस्था की जाएगी।

छठ महापर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए शहर के सभी छठ पूजा कुंडों और घाटों पर बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी के साथ विभिन्न छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने शीतलदास की बगिया, प्रेमपुरा, नेहरू नगर पुलिस लाइन, पांच नंबर स्थित उद्यान और खटलापुरा सहित अन्य घाटों का



जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा से पहले सभी घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और पहुंच मार्गों को दुरुस्त किया जाए। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम, पेयजल और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

महापौर ने कहा कि पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के साथ बिजली और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। घाटों के आसपास और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर भी नियमित सफाई कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं पर्व से पहले पूरी करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर आयुक्त सुमित पांडे, महापौर परिषद के सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रविंद्र यती, मुख्य अभियंता संतोष गुप्ता सहित निगम अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

बीयू के हॉस्टल में प्रवेश के लिए अंतिम अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के हॉस्टल्स में प्रवेश के लिए विवि प्रशासन ने अंतिम अधिसूचना जारी कर दी है। बीयू के चीफ वार्डन बालक छात्रावास द्वारा जारी सूचना के अनुसार बीयू के बालक छात्रावास प्रवेश सत्रः 2026-27 के समस्त बालक छात्रावासों में (नए एवं पूर्व छात्रों के लिए) प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए प्रकिया किया जाना है। सीट निरस्त करने का अधिकार विवि प्रशासन को होगा। इसके अनुसार प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 4 से 20 नवंबर तक होगा। पूरी प्रक्रिया कुल 16 दिन चलेगी। आवेदकों के दस्तावेजों का ऑफलाइन भौतिक सत्यापन एवं सीट आवंटन के साथ ही ऑनलाइन प्रदेश शुल्क का भुगतान भी 4 से 20 नवंबर 2026 तक करना होगा। अधिक जानकारी बीयू प्रशासन से प्राप्त की जा सकती है।

महिलाओं ने मां को सिंदूर चढ़ाकर की पूजा, फिर एक-दूसरे को लगाया सिंदूर

सिंदूर खेला के साथ हुआ काली पूजा का समापन, मां को बेटी की तरह दी विदाई, बैंड-बाजे के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बंगाली समाज का काली पूजा का समापन सिंदूर खेला के साथ हुआ। इसके बाद बंगाली समाज ने मां काली की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली। भक्तों ने मां को बेटी के रूप में विदाई दी। पीरगेट बंगाली उत्सव समिति द्वारा दीपावली पर काली माता की स्थापना की गई थी। गुरुवार को विसर्जन के दौरान समाज की महिलाओं के सिंदूर खेल का आयोजन किया। इसमें समाज के बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग शामिल हुए। महिलाओं ने मां को सिंदूर चढ़ाकर पूजा की। इसके बाद उन्होंने एक-दूसरे को सुहाग का प्रतीक सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला की परंपरा निभाई। बंगाली समाज साल में दो बार मां काली की पूजा करता है। दुर्गा पूजा और दीपावली पर। दीपावली पर बंगाल में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। इसी परंपरा के तहत राजधानी भोपाल में भी प्रतिमा स्थापित की गई थी। सिंदूर खेला के बाद नगर में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते रहे। इसके बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

युवा, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग सभी हुए सिंदूर खेला में शामिल

एआई आधारित सीटी स्कैन 5 सेकंड में करता है शरीर की जांच

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच मान्यता, विश्वस्तरीय देखभाल का दिया जा रहा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सागर समूह के सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) को राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मान्यता बोर्ड (एनएबीएच) से निगरानी मूल्यांकन की मान्यता मिली है। यह उपलब्धि अस्पताल की मरीजों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण उपचार और निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के पालन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस मान्यता के लिए अस्पताल में विभिन्न समितियों और दलों का गठन कर आंतरिक जांच की गई। चिकित्सा प्रक्रियाओं, संसाधनों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के साथ गुणवत्ता एवं



सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया गया। अस्पताल में तंत्रिका रोग, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, हृदय रोग, कैंसर उपचार, गहन चिकित्सा, गुर्दा रोग एवं प्रत्यारोपण, रोबोटिक शल्य चिकित्सा और जोड़ प्रत्यारोपण सहित कई विशिष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सीटी स्कैन मशीन पांच सेकंड से कम समय में पूरे शरीर की जांच करने में सक्षम है।

वहीं, तीन टेस्ला चुंबकीय अनुनाद चित्रण (एमआरआई) मशीन से सटीक जांच में मदद मिलती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. आदित्य अग्रवाल ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम के प्रयासों को देते हुए कहा कि अस्पताल मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा और बेहतर देखभाल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

एम्स में सहायक प्रोफेसरों के पदों पर बुलाए आवेदन

भोपाल। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल द्वारा सामान्य चिकित्सा, कार्डियोलॉजी, बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी, मेडिकल जेनेटिक्स तथा पीडियाट्रिक सर्जरी आदि में संविदा के आधार पर 45 सहायक प्रोफेसरों के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन बुलाए गए थे। सहायक प्रोफेसर को एक लाख 90 हजार प्रतिमाह दिया जाएगा। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, अपनी पात्रता के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित, ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

सेज इंटरनेशनल स्कूल का होमी लैब एफएफएस, आईआईएमयूएन से करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर प्रैक्टिकल लर्निंग, ग्लोबल एक्सपोजर और स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने के लिए कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से करार किए हैं। इसके तहत स्कूल ने होमी लैब (वर्चुअल लैब), एफएफएस (सांस्कृतिक आदान-प्रदान), हेलन ओ'ग्रेडी (पब्लिक स्पीकिंग), आर्यभट्ट फाउंडेशन (साइंस व एस्ट्रोनॉमी), आईआईएमयूएन (लीडरशिप) और एसजीएफआई



(खेल) जैसी प्रमुख संस्थाओं से हाथ मिलाया है। डायरेक्टर साक्षी अग्रवाल बंसल ने बताया कि इन प्रयासों से बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों के साथ जल्द ही आधुनिक सुविधाओं वाला आईबी (इंटरनेशनल बैकलॉरेट) स्कूल भी शुरू किया जा रहा है, जिसके लिए एडमिशन शुरू हो चुके हैं।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अपनी सास को देखने आ सकते हैं अमिताभ, हालांकि उनकी तबीयत भी नासाज

जया बच्चन की मां इंदिरा भादुड़ी की सेहत बिगड़ी, पारुल अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ अभिनेता अमिताभ बच्चन की सास और जया बच्चन की मां 95 वर्षीय इंदिरा भादुड़ी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पारुल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें एलर्जी से जुड़ी परेशानी है, फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी इंदिरा भादुड़ी की तबीयत खराब हुई थी। उस समय जानकारी मिलने पर जया बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन भोपाल पहुंचे थे। इंदिरा भादुड़ी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित अंसल अपार्टमेंट में रहती हैं। उनके पति तरुण कुमार भादुड़ी पत्रकार और लेखक थे। जया बच्चन उनकी तीन बेटियों में सबसे बड़ी हैं। जया की दोनों बहनें भी भोपाल में रहती हैं। बच्चन परिवार का भोपाल से पुराना जुड़ाव रहा है। अमिताभ, जया और अभिषेक कई मौकों पर परिवार के साथ भोपाल आ चुके हैं।



■ अंसल अपार्टमेंट श्यामला हिल्स में रहता है परिवार

सास का 90वां जन्मदिन मनाने आए थे अमिताभ : अमिताभ बच्चन अपनी सास इंदिरा का 90वां जन्मदिन मनाने फरवरी 2020 में चार्टर्ड विमान से भोपाल आए थे। उनके साथ पत्नी जया, बेटा अभिषेक, बहू ऐश्वर्या, बेटी श्वेता नंदा बच्चन और पोती आराध्या भी थी।



विदेश से तलाक लेकर दूसरी शादी करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

भारतीय कानून में यह 'मान्य' नहीं दूसरी शादी पर चल सकता है केस

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून के तहत तलाक के आधार और प्रक्रिया पूरी करना जरूरी



नागरिकता बदलने से भी पहली शादी के दायित्व खत्म नहीं होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में शादी करने के बाद विदेश की अदालत से तलाक लेकर दूसरी शादी करना अब कानूनी मुश्किल खड़ी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय कानून के तहत हुई शादी केवल विदेशी अदालत से तलाक की डिक्री हासिल करने से समाप्त नहीं हो जाती। यदि विदेशी अदालत ने ऐसे आधार पर तलाक दिया है, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, तो भारत में पहली शादी कायम मानी जाएगी। ऐसी स्थिति में दूसरी शादी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ द्विविवाह (बिगैमी) का आपराधिक मुकदमा चल सकता है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने कहा कि विदेशी ⏭ शेष पेज 6 पर

बड़ा फैसला



विदेशी तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी

दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि शादी के बाद पति या पत्नी किसी दूसरे देश की नागरिकता हासिल कर लें, तब भी भारत में हुई पहली शादी से जुड़े कानूनी दायित्व समाप्त नहीं होंगे। कोई व्यक्ति विदेशी तलाक के आधार पर दूसरी शादी करके भारतीय कानून से बच नहीं ⏭ शेष पेज 6 पर

विदेशी तलाक को मान्यता की जरूरी शर्तें

1. तलाक ऐसे आधार पर मिला हो, जिसे भारतीय कानून मान्यता देता है, जैसे क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार या आपसी सहमति।
2. विदेशी अदालत का फैसला एकतरफा न हो। दूसरे जीवनसाथी को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर मिला हो।
3. अदालत का फैसला प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप हो।
4. तलाक की डिक्री धोखाधड़ी से हासिल नहीं की गई हो।
5. विदेशी अदालत का फैसला भारतीय कानून के तहत निर्धारित कानूनी शर्तों का उल्लंघन न करता हो।

पीएम आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पाताल लोक में भारत करेगा एलपीजी गैस का भंडारण

एजेंसी ⏭ मंगलुरु

देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कर्नाटक के मंगलुरु में धरती से करीब 160 मीटर नीचे देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा तैयार की गई है। चट्टानों को काटकर बनाई गई इस विशाल गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का भंडारण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 13 नवंबर को इस महत्वाकांक्षी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मंगलुरु ⏭ शेष पेज 6 पर



■ गुफा में स्टोर होगी 80 हजार मीट्रिक टन गैस

सरकार को दो-तिहाई बहुमत का भरोसा

परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार



लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। विधेयक पारित होने पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करना चाहती है। सरकार को भरोसा है कि विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी संख्या उसके पास है। उसे उम्मीद है कि प्रस्ताव 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो ⏭ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता श्रीमती काशी बाई की स्मृति में हुआ त्रयोदशी एवं गंगाजली पूजन

राजनाथ सिंह, बिरला सहित पांच राज्यों के सीएम ने भोपाल में अर्पित किए 'श्रद्धा सुमन'



योगी आदित्यनाथ



नायब सैनी



सुवेंदु अधिकारी



विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता स्व. श्रीमती काशी बाई की स्मृति में गुरुवार को भोपाल में त्रयोदशी एवं गंगाजली पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, छग के सीएम विष्णु देव साय के साथ ही छग के डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरूण साव, बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी समेत बड़ी संख्या में नेता भोपाल ⏭ शेष पेज 6 पर



राजनाथ, बिरला और तोमर

श्रीमती काशी बाई का 30 अक्टूबर को भोपाल स्थित एम्स में उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया था



निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित

मतदाता सूची का हुआ प्रारूप प्रकाशन, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत आज 12 नवंबर को प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप फोटो निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की वेबसाइट ceoelection.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है।

127 नए मतदान केंद्र बने, 21 विलोपित - युक्तियुक्तकरण के बाद बढ़ी संख्या

1 जनवरी 2027 को 18 साल पूरे करने वाले युवा कराएं नाम दर्ज, प्रक्रिया निःशुल्क



राजनीतिक दलों को दी गई सूची की सॉफ्ट कॉपी

इस संबंध में राज्य एवं जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक में आम आदमी पार्टी से राघव पटेल, बहुजन समाज पार्टी से एडवोकेट सुधीर उबनारे, भारतीय जनता पार्टी से एसएस उप्पल तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जेपी धनोपिया एवं ललित सेन उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों को फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट कॉपी हार्ड डिस्क के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां प्राप्त होंगी

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया गया है। दावे एवं आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक प्राप्त की जाएंगी। इसके लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर को विशेष अभियान आयोजित किए जाएंगे। विशेष अभियान के लिए अवकाश के दिनों का चयन किया गया है ताकि नागरिकों को सुविधा रहे। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

प्रदेश में अब 72 हजार 36 मतदान केंद्र

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत प्रदेश में 127 नवीन मतदान केंद्र जोड़े गए हैं, जबकि 21 मतदान केंद्र विलोपित किए गए हैं। इस प्रकार अब प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 72 हजार 36 हो गई है। नाम जुड़वाने एवं ईपिक कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया निःशुल्क है। मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा कराएं नाम दर्ज

निर्वाचन विभाग की ओर से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही ऐसे सभी युवा, जिनकी आयु 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनसे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की गई है। इसके लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं वोटर पोर्टल (https://voters.eci.gov.in) के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

स्वच्छता से जुड़ा यह उद्योग हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का बनेगा प्रतीक

सीएम ने जर्मनी के बेनेकोर समूह की हाइजीन नॉनवोवन मटेरियल निर्माण इकाई का किया शुभारंभ, मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- मप्र ने औद्योगिक विकास में बनाई अपनी नई पहचान
- सरकार और उद्योग समूहों के एक साथ काम करने से क्षमताएं बढ़ती हैं कई गुना
- संयंत्र के पहले चरण में 160 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है
- भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित हुई इकाई

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार और उद्योग जब एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो उनकी क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। इसी का परिणाम है कि जर्मनी के बेनेकोर समूह के संयंत्र का अगस्त 2024 में भूमि-पूजन हुआ था और सिर्फ दो साल में उत्पादन शुरू हो गया। राज्य सरकार जो कहती है, वो करती है और समय पर करती है। इससे औद्योगिक विकास के क्षेत्र में मप्र की नई पहचान बनी है।

सीएम डॉ. यादव गुरुवार को बेनेकोर प्रायवेट लिमिटेड के भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित संयंत्र के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का शुभारंभ जर्मनी की तकनीक और भारत की लगभग सौ साल पुरानी विरासत की साझेदारी है। संयंत्र के पहले चरण में 160 करोड़ का निवेश है, 300 करोड़ सालाना कारोबार की क्षमता है, इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां माताओं-बहनों और बच्चों की स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्री का निर्माण होगा, यह उद्योग आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक बनेगा।



हाइजीन नॉनवोवन मटेरियल निर्माण शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

संयंत्र पर्यावरण अनुकूल, पानी का नहीं होगा अपव्यय

संयंत्र में डायपर और सैनिटरी नैपकिन में उपयोग होने वाला हाइजीन नॉनवोवन मटेरियल तैयार किया जाएगा। अब तक यह मटेरियल बाहर से मंगाना पड़ता था, अब यह देश में ही बनेगा, यह उत्पादन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम होगा। संयंत्र पर्यावरण के अनुकूल है, इसमें बॉयलर नहीं है, पानी की बर्बादी बहुत कम होगी, संयंत्र ग्रीन बिल्डिंग मानकों के आधार पर तैयार किया गया है। बेनेकोर की योजना तीन वर्षों में अपनी क्षमता दोगुना करने की है। अचारपुरा में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग के अधिकारी, बेनेकोर समूह के प्रतिनिधि, इंजीनियर और बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।

भोपाल, मध्य भारत का आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक मध्यप्रदेश आए। प्रदेश में औद्योगिक मित्र नीतियों के साथ-साथ भूमि के ऑनलाइन आमंत्रण और सिंगल विंडो से मंजूरियों की व्यवस्था के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बना है। अब भोपाल, मध्य भारत का आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। हमारा समन्वित प्रयास है कि उद्योग युवाओं को प्रशिक्षण दें, उन्हें अपने यहां काम दें ताकि युवाओं को रोजगार के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े।

19 हजार एकड़ में विकसित हो रहे हैं 48 नए औद्योगिक पार्क

प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अधोसंरचना और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। लगभग 19 हजार एकड़ क्षेत्र में 48 नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन भूमि आवंटन, सिंगल विंडो सिस्टम और 30 दिन में व्यवसाय प्रारंभ करने की सुविधा से निवेशकों के लिए प्रक्रियाएं सरल बनाई गई हैं। सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं और स्वीकृतियां समय पर मिलें तथा उद्योग शीघ्र उत्पादन प्रारंभ कर सकें। मप्र टेक्सटाइल उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रदेश में 100 से अधिक बड़ी टेक्सटाइल इकाइयां और 43 हजार से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यरत हैं।

सीएम आज करेंगे कुलैथ में विशाल पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ

कन्हैया लोकगीत, बैलगाड़ी व घुड़दौड़ जैसे पारंपरिक खेल भी होंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में शुक्रवार 13 नवम्बर को विशाल पशुपालक सम्मेलन सह पशु मेले का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर जिले में कृषि, पशुपालन एवं अन्य विभागीय योजनाओं के तहत विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। किसान कल्याण वर्ष में आयोजित होने जा रहे इस सम्मेलन में उत्कृष्ट पशुपालन एवं उन्नत खेती-किसानी पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगेगी। साथ ही कन्हैया लोकगीत, पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ एवं घुड़दौड़ जैसे आयोजन भी होंगे।

उन्नत खेती-किसानी पर केंद्रित प्रदर्शनी रहेगी आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन में उत्कृष्ट पशुपालन एवं उन्नत खेती-किसानी पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें उन्नत नस्ल के पशुओं के प्रदर्शन के साथ पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, आधुनिक तकनीकों और पशुपालकों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जाएगी। इससे पशुपालकों को नवीन तकनीकों, बेहतर पशु प्रबंधन और आय संवर्धन के अवसरों से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा

सम्मेलन में भारतीय ग्रामीण संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक भी देखने को मिलेगी। कन्हैया लोकगीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ एवं घुड़दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पशुपालन एवं कृषि सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य पशुपालकों और किसानों को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्नत पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कृषि एवं पशुधन आधारित आजीविका के नए अवसरों को प्रोत्साहित करना है।

अग्निवीर योजना को हमेशा के लिए समाप्त करे सरकार

अग्निवीरों को बिना शर्त स्थाई करे केंद्र : मेजर जनरल श्रीवास्तव



पूर्व सैनिकों का आरक्षण प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्र सरकार से सभी अग्निवीरों को नियमित सेवा में शामिल करने और मध्य प्रदेश शासन से पूर्व सैनिकों के आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 14 जून 2022 को शुरू हुई अग्निवीर योजना के तहत चार वर्ष की सेवा के बाद 25 प्रतिशत जवानों को नियमित करने और 75 प्रतिशत को सेवामुक्त करने का प्रावधान था। उन्होंने 4 नवंबर 2026 को सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि द्वारा की गई उस घोषणा का विरोध किया, जिसमें शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा का विकल्प दिया गया है। मेजर जनरल श्रीवास्तव का आरोप है कि इन दो वर्षों के दौरान भी वे अग्निवीर ही बने रहेंगे, जबकि उनके 25 प्रतिशत साथी पूर्ण सैनिक बन चुके होंगे। उन्होंने तर्क दिया कि एक ही यूनिट में वेतन, सुविधाओं और विवाह जैसे अधिकारों में अंतर होने से जवानों के मनोबल, अनुशासन और युवा अधिकारियों की कमान पर विपरीत असर पड़ेगा।

4 साल का अनुभव, फिर भी भविष्य अधर में

श्रीवास्तव ने सवाल उठाया कि जब सभी अग्निवीर कठिन चयन प्रक्रिया, कड़े प्रशिक्षण और चार वर्षों के अनुभव के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ अवस्था में हैं और सेना में पद भी रिक्त हैं, तो उन्हें आज ही स्थायी क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो वर्ष बाद अधिक आयु हो जाने और प्रतियोगी परीक्षाओं से बाहर होने की स्थिति में इन प्रशिक्षित युवाओं को निजी कॉरपोरेट घरानों की शर्तों पर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नई घोषणा के बाद 4 वर्ष में स्वेच्छा से बाहर जाने वाले अग्निवीरों के आरक्षण और सुविधाओं को समाप्त किए जाने को भर्ती के समय हुए अनुबंध का उल्लंघन और गैर-कानूनी बताया। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से अग्निवीर योजना को समाप्त कर सभी अग्निवीरों को बिना शर्त स्थायी करने की अपील की।

स्व. चेतराम के त्रयोदशी संस्कार में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

पूर्व विधायक चेतराम मानेकर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल गुरुवार को बैतूल जिले के ग्राम खरपड़ाखेड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चेतराम मानेकर के त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान खण्डेलवाल ने दिवंगत चेतराम मानेकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को स्मरण किया तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत



आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अजय ने आत्मकथा में अर्जुन सिंह के उल्लेख के लिए सोनिया गांधी का माना आभार

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने सोनिया गांधी द्वारा अपनी पुस्तक में उनके पिता स्वर्गीय अर्जुन सिंह के राजनीतिक कौशल, अनुभव और दूरदर्शिता का उल्लेख करने पर आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि सोनिया जी ने अपनी किताब में लिखा है कि दाऊ साहब कांग्रेस के सबसे अनुभवी और राजनीतिक रूप से सबसे समझदार नेताओं में से एक थे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि कैसे कठिन से कठिन दौर में अर्जुन सिंह गंभीरता से सबकी बात सुनते थे और एक छोटे से वाक्य में पूरे मुद्दे का सार सामने रख देते थे। अजय ने आगे कहा कि यहां तक कि सोनिया गांधी ने यह भी लिखा है कि जब दाऊ साहब की एक चेतावनी को नजरअंदाज किया गया, तो उसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज जब दाऊ साहब हमारे बीच नहीं हैं, तब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनके अनुभव, उनकी दूरदर्शिता और उनकी वफादारी को इतने सम्मान के साथ याद किया जाना हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उनके पिता ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की।

कहा - दाऊ साहब के विचार आज भी हैं प्रासंगिक

उनकी राजनीतिक समझ और संवेदनशीलता का लोहा आज भी देश मानता है। दाऊ साहब के लिए पद से बड़ा हमेशा संगठन और देश का हित रहा। सिंह ने कहा कि वे हृदय से सोनिया जी का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने इतिहास के उन पन्नों को इतनी सच्चाई और आत्मीयता के साथ दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि दाऊ साहब के दिखाए रास्ते और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और सभी का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

भीमनगर बस्ती में बच्चों के बीच पहुंचे पटवारी, दी बधाई

हर वर्ग के साथ खुशियां बांटने से ही बढ़ता है त्योहारों का महत्व : जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को भीमनगर बस्ती में बच्चों के बीच पहुंचे और उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अमित शर्मा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पटवारी विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर बातचीत की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

पटवारी ने कहा कि त्योहारों की असली खुशी तभी है, जब समाज


दीपावली मिलन समारोह में बच्चों के साथ खुशियां साझा करते जीतू पटवारी।

के हर वर्ग के साथ मिलकर खुशियां बांटी जाएं। प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द से ही त्योहारों का महत्व बढ़ता है। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और भोपाल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी पटेल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला एवं मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग को मिला सम्मान

राष्ट्रपति मुर्मू ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति एमपी सरस गुलशन बामरा द्वारा ग्रहण किया गया।

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्थागत विकास में बहुमूल्य योगदान में उत्कृष्टता के लिए मध्यप्रदेश स्पेशल एंड रेजिडेंशियल ऐकडेमिक सोसाइटी (एमपी सरस) को यह पुरस्कार दिया गया।

प्रमुख सचिव बामरा ने किया पुरस्कार ग्रहण

एमपी सरस को भी मिला सम्मान

मुर्मू ने मेधावी विद्यार्थियों के साथ संवाद किया


राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सम्मान ग्रहण करते जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी और मंडला एकलव्य विद्यालय के प्रतिनिधि।

समारोह में कलेक्टर और प्राचार्य रहे मौजूद

राष्ट्रपति ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला को राष्ट्र स्तर पर उत्कृष्ट एकलव्य विद्यालय के लिए चयन किया गया। यह सम्मान श्री राहुल नामदेव धोटे अध्यक्ष एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला एवं कलेक्टर जिला मंडला तथा रीना प्राचार्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला द्वारा भी ग्रहण किया गया।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा में हुआ सम्मान समारोह

कार्यक्रम में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुयाल उराम और राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सचिव केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय श्रीमती रंजना चोपड़ा, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के शिक्षकगण एवं मेधावी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है।

कोरोना योद्धाओं का महाआंदोलन 16 से

भोपाल। कोविड-19 महामारी के दौरान लगभग दो वर्षों तक स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हजारों अस्थायी कोरोना योद्धा एक बार फिर अपनी पुनर्बहाली की मांग को लेकर 16, 17 एवं 18 नवंबर को तीन दिवसीय महाआंदोलन भोपाल में आयोजित किया जाएगा। मप्र कोविड-19 आयुष चिकित्सक संघ एवं पैरामेडिकल स्टाफ के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चार हजार कोरोना योद्धाओं के अपने परिवारों सहित महाआंदोलन में शामिल होंगे। संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. अंकित असाटी ने कहा कि कोरोना योद्धाओं ने महामारी के समय सरकार और प्रदेश की जनता के लिए पूरी निष्ठा से सेवाएं दी थी। आज वहीं कर्मचारी रोजगार के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

9 बंगले में घुसे चोर, सुरक्षा अलार्म बजने से उल्टे पैर...



10 गिद्धा में दिखा पर्व का उल्लास, लोक गीतों में...



बीडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी
एयरोसिटी के पांच और मिसरोद फेस-2 के 73 भूखंडों की बिक्री का हुआ रास्ता साफ

विद्यानगर फेस-2 में कॉम्प्लेक्स के साथ बनाया जाएगा बस टर्मिनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्यानगर फेस-2 में आवासीय और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के साथ बस टर्मिनल भी बनाया जाएगा। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) शहर में आवासीय योजनाओं और अधोसंरचना से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। गुरुवार को कमिश्नर कर्मवीर शर्मा की मौजूदगी में हुई बीडीए बोर्ड की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया।

■ पुरानी संपत्तियों के पुनर्विकास पर भी मंथन

बैठक में एयरोसिटी, मिसरोद सहित विभिन्न योजनाओं के भूखंडों की बिक्री, एकीकरण और विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने और आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। बैठक में बीडीए सीईओ श्यामबीर और स्मार्ट सिटी सीईओ सुमित पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

टीपीएस योजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होगी

बैठक में टीपीएस-213, 214, 215 और 216 की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए निविदा स्वीकृति का विषय भी शामिल रहा। इसके साथ ही आईएसबीटी योजना के मेजेनाइन तल पर स्थित हॉल के क्रय और राजाभोज आवासीय योजना गोदरमऊ फेस-2 में भूखंडों के विलय के लिए अनापत्ति से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया गया। बीडीए की विभिन्न योजनाओं की डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने और ऑनलाइन सेवाओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में राजस्व संबंधी ऑनलाइन सेवाओं के शुल्कों में संशोधन, अधिकारियों-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की संशोधित दरें लागू करने और तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर पदोन्नति आदेश की पुष्टि जैसे प्रशासनिक विषय भी एजेंडे में शामिल रहे।

एयरोसिटी और मिसरोद के भूखंड बिकेंगे, राजस्व मिलेगा

बोर्ड बैठक में एयरोसिटी चरण-1 योजना के पांच रिक्त भूखंडों और एक पीएसपी भूखंड के मूल्यांकन एवं विक्रय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल मिसरोद चरण-2 योजना के 73 खाली भूखंडों के मूल्यांकन और बिक्री को भी मंजूरी दी गई। इन भूखंडों की बिक्री से प्राधिकरण को राजस्व मिलने के साथ खाली जमीन का उपयोग हो सकेगा।

पुरानी संपत्तियों के विकास पर भी विचार

बैठक में बीडीए की पुरानी आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के पुनर्विकास का मुद्दा भी शामिल रहा। मिसरोद चरण-1 की नगर विकास योजना के सेक्टर-सी में भूखंड क्रमांक 67, 68, 69 और 70 के एकीकरण पर चर्चा की गई। इसके अलावा विद्यानगर फेस-3 के स्वीकृत नक्शों में संशोधन का प्रस्ताव भी रखा गया।

भोपाल-इंदौर मेट्रो में 50 रुपए में नेशनल मोबिलिटी कार्ड बनना शुरू

भोपाल। भोपाल और इंदौर मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी सुविधा शुरू हो गई है। अब यात्री 50 रुपए में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड बनवा सकेंगे। इस एक कार्ड से भोपाल और इंदौर के अलावा देश के कई शहरों की मेट्रो में भी सफर किया जा सकेगा। खास बात यह है कि कार्ड से यात्रा करने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार किराये में 25 प्रतिशत तक की छूट भी मिलेगी। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 12 नवंबर से यह सुविधा शुरू कर दी है। डनेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड भोपाल और इंदौर के सभी मेट्रो स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर उपलब्ध रहेगा। इसके लिए यात्रियों को 50 रुपए का शुल्क देना होगा। कार्ड मिलने के बाद यात्री अपनी जरूरत के अनुसार इसमें बैलेंस डलवा सकेंगे। इसके लिए टिकट काउंटर, टिकट वेंडिंग मशीन और मध्य प्रदेश मेट्रो के मोबाइल एप की सुविधा मिलेगी। 20 रुपए से अधिक के सामान्य किराये वाली एकल यात्रा पर निर्धारित शर्तों के तहत 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस कार्ड की खासियत यह है कि इसका इस्तेमाल देश के उन शहरों में भी किया जा सकेगा, जहां नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की सुविधा लागू है।

पैसे मांगने को लेकर एएसओ को कलेक्टर ने खाद्य विभाग से हटाया

खाद्य अधिकारी को सौंपा निर्वाचन का काम

सीहोर गैस एजेंसी के सिलेंडर छोड़ने के बाद एएसओ अशोक नपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एजेंसी संचालक ने एएसओ पर लगाया दो लाख रुपए मांगने का आरोप, कलेक्टर ने कार्रवाई की

सीहोर जिले की अहमदपुर इंडेन गैस एजेंसी के सिलेंडरों से भरा वाहन पकड़ना सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी को भारी पड़ गया है। बुधवार को एडीएम प्रकाश नायक के आदेश पर वाहन और गैस सिलेंडर एजेंसी को सुपुर्द कर दिए गए थे, जबकि गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एएसओ को पैसे मांगने को लेकर एएसओ को खाद्य विभाग से हटा दिया है। अब एएसओ निर्वाचन का काम देखेंगे। जिसके लिए उन्हें निर्वाचन का प्रभार लेने के बाद ही सैलरी जारी की जाएगी।

ज्वॉइन करने के बाद ही मिलेगी सैलरी

तीन महीने में होगी शिकायत की जांच


फाइल फोटो

कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच के लिए विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। यह जांच एडीएम प्रकाश नायक को सौंपी गई है, जिसे तीन महीने में पूरा करना होगा।

आरोप: सहायक आपूर्ति अधिकारी ने मांगें थे दो लाख

अहमदपुर इंडेन के संचालक राजकुमार पचौरी ने सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी द्वारा दो लाख रुपए की मांग करते हुए परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके आधार पर एएसओ को खाद्य विभाग से हटाया गया है। एएसओ ने पिछले दिनों परवलिया सड़क इलाके में 61 घरेलू और सात कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए थे। जिसके बाद सांसद आलोक शर्मा ने कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर कर अफसरों को फटकार लगाई थी।

दो लाख 83 हजार रुपए का लिया चैक

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि एडीएम के आदेश पर एजेंसी संचालक से वाहन और सिलेंडरों की सिक्योरिटी राशि के तौर पर दो लाख 83 हजार रुपए का चेक लिया गया है। हालांकि इसके पहले के मामलों में खाद्य विभाग ने केस की सुनवाई होने तक वाहन और सिलेंडरों को नहीं छोड़ा है।

वरिष्ठ अफसरों के सामने अपना पक्ष रखूंगा: अशोक

एएसओ अशोक सत्यार्थी का कहना है कि सीहोर की गैस एजेंसी द्वारा अवैध रूप से सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही थी, जिसको लेकर केस दर्ज कर एडीएम कोर्ट में पेश किया गया है। मुझे हटाने के मामले में वरिष्ठ अफसरों के सामने अपना पक्ष रखूंगा।

मुंबई से रक्सौल के लिए आज वन-वे स्पेशल ट्रेन, रात 11:20 बजे इटारसी पहुंचेगी

भोपाल। दीपावली और छठ पर्व के बाद ट्रेनों में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) से रक्सौल के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01031 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल स्पेशल 13 नवंबर को मुंबई से रवाना होगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर रात 11:20 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट के ठहराव के बाद 11:25 बजे रवाना होगी। ट्रेन 15 नवंबर को रात 1:25 बजे रक्सौल पहुंचेगी। रास्ते में ट्रेन का ठहराव ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और बैरगनियां स्टेशनों पर रहेगा।

20 कोच के साथ चलेगी ट्रेन: स्पेशल ट्रेन में कुल 20 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। इनमें एक एसी थर्ड, तीन स्लीपर, 14 सामान्य श्रेणी, एक जनरेटर कार और एक एलएलआरडी कोच शामिल है। रेलवे ने यात्रियों से इस ट्रेन का लाभ उठाने की अपील की है। ट्रेन की समय-सारणी एनटीईएस एप रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से मिलेगी।

वीडियो वायरल, पुलिस बोली- नहीं मिली सूचना

जनता क्वार्टर तोड़ने के विरोध में महिलाओं ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर में महिलाओं द्वारा जहर खाने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि रात करीब दस बजे तक न तो जनता क्वार्टर से और न ही किसी अस्पताल से सूचना मिली थी। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और जानकारी के बाद पुलिस की टीम जनता क्वार्टर पहुंची थी, लेकिन वहां से कोई जानकारी नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिलाएं आटो से जाती हुई और उल्टियां करते हुए नजर आ रही है। थाना प्रभारी संदीप पवार ने बताया कि सोशल मीडिया से उन्हें भी जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम जनता क्वार्टर भेजी गई, लेकिन वहां से कोई भी जानकारी नहीं मिली।


फाइल फोटो

आठ साल पहले ही हो गए थे जर्जर फ्लैट

हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई जनता क्वार्टर के फ्लैट पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। यहां 110 फ्लैट ऐसे हैं, जिसके सहीं मालिक रह रहे हैं। अन्य फ्लैट पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। जनता क्वार्टर के फ्लैट की हालत दयनीय होती देख हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम में उसे तोड़ने का निर्णय लिया हैं। इधर जनता क्वार्टर में रहने वाले रहवासी नहीं चाहते हैं कि जर्जर फ्लैट को तोड़ा जाए। बताया जा रहा है कि फ्लैट तोड़ने की कार्रवाई से दुखी होकर महिलाओं ने चूहामार जहर खाया है।

भोपाल में रात का तापमान 12.2 डिग्री दर्ज

शाम से सर्द हवाएं गिरा रही पारा, दिन में धूप के बीच धूल दिखा रही असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में धूल, धुंध का असर नहीं हो रहा कम, अब भी एक्यूआई 300 पार बरकरार

राजधानी में अभी शाम से ही सर्दी का असर बढ़ रहा है। दिन में धूप खिलने से हल्की गर्मी और शाम से सर्दी का असर होने से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा है। गुरुवार को भोपाल के अलावा पांच शहरों में रात का पारा सबसे कम 10 से 12 डिग्री तक रहा।

भोपाल में 2 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.4 डिग्री कम है। दिन में धूप और धीमी हवाओं की रफ्तार के बीच शहर में धूल और धुंध का असर बरकरार रहा। इससे एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 के पार रहा।


स्थानः करोंद
समयः शाम 6.50 बजे गुरुवार

कहां-कितना रहा पॉल्यूशन रहा

शहर के अलग अलग इलाकों में एयर पॉल्यूशन का लेबल अलग दर्ज हुआ। सबसे खराब हवा पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी का एक्यूआई 307 रहा। यह वेरी पुअर श्रेणी में रेड लेबल पर होने से स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत खतरनाक बताया गया है। वहीं, टीटी नगर 249 पर पुअर क्वालिटी के साथ ऑरेंज लेबल पर रहा, जबकि कलेक्टोरेट इलाके में 164 पर दर्ज हुआ। गुरुवार को प्रदेश के पांच शहरों में रात का पारा 10 से 12 डिग्री के बीच रहा। इनमें सबसे कम कटनी 10.6, दमोह 11, इंदौर 11.1, कल्याणपुर (शहडोल) 11.4 और गिरवर (शाजापुर) में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री दर्ज हुआ है।

पांच दिन ज्यादा बदलाव नहीं

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से अगले चार से पांच दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस बीच रात में सर्दी का असर धीरे धीरे बढ़ेगा। अभी पश्चिमी विक्षोभ कश्मीर और आसपास सक्रिय है। इससे इन इलाकों में बर्फबारी जारी है। हवाएं उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने से मैदानी इलाकों में भी सर्दी बढ़ रही है। प्रदेश में शाम से हवाएं उत्तर पूर्वी होने से रात के तापमान में कमी आई, जो अभी जारी रहेगी। अगले सप्ताह मौसम में बदलाव हो सकता है।

शाम को दफ्तरों की छुट्टी के बाद बिगड़े हालात

वीआईपी काफिले निकलते रहे, जाम में सड़कों पर फंसे रहे सैकड़ों वाहन

एयरपोर्ट रोड से लालघाटी, कमला पार्क और मिसरोद तक वाहनों की लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को वीआईपी मूवमेंट ने शहर की यातायात व्यवस्था की रफ्तार थाम दी। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य वीआईपी के काफिलों के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर दिनभर जाम के हालात बने रहे। एयरपोर्ट रोड से लालघाटी, मोती मस्जिद, कमला पार्क, पॉलिटेक्निक चौराहा और मिसरोद तक वाहन रेंगते नजर आए। कई जगह लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा।जानकारी के अनुसार, वीआईपी काफिलों की आवाजाही के दौरान यातायात पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के चलते कुछ मार्गों पर 5 से 10 मिनट तक वाहनों की आवाजाही रोकी। इसके कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। काफिले निकलने के बाद भी यातायात सामान्य होने में काफी समय लगा। इसका असर एयरपोर्ट रोड, लालघाटी, मोती मस्जिद से कमला पार्क मार्ग, पॉलिटेक्निक चौराहा, बोर्ड ऑफिस रोड, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन रोड और बीयू से मिसरोद की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने को मिला।

ट्रैफिक पुलिस ने संभाला मोर्चा

शाम के समय जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। कार्यालयों की छुट्टी होने के कारण सड़कों पर पहले से ही वाहनों का दबाव था। इसी दौरान वीआईपी मूवमेंट के चलते जगह-जगह यातायात रोके जाने से हालात बिगड़ गए। प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई और लोग जाम में फंसे रहे। चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक सुचारु किया

अस्पताल में कैंसर मरीजों को मिलेगी बड़ी सुविधा

बीएमएचआरसी में खुलेगी आधुनिक डायमंड लैब, कैंसर की सात तरह की जांच होंगी मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएमएचआरसी भोपाल में आईसीएमआर की मंजूरी के बाद डायमंड लैब स्थापित की जाएगी। यहां स्तन कैंसर की चार और फेफड़ों के कैंसर की तीन विशेष जांचें निःशुल्क होगी।

इनकी मदद से कैंसर कोशिकाओं में बदलाव की पहचान कर मरीज के लिए उपयुक्त इलाज चुनने में डॉक्टरों को मदद मिलेगी। अब तक कैंसर के इलाज में मरीज की बीमारी की स्थिति के साथ यह जानना भी जरूरी होता है कि कैंसर कोशिकाओं में किस तरह के बदलाव मौजूद हैं। इन्हीं के आधार पर तय होता है कि मरीज को सामान्य उपचार, हार्मोन आधारित दवाओं, लक्षित दवाओं या इम्यूनोथेरेपी में से किससे फायदा मिल सकता है। बीएमएचआरसी में प्रस्तावित डायमंड लैब इसी तरह की आधुनिक जांचों की सुविधा उपलब्ध कराएगी।



स्तन कैंसर की चार और फेफड़ों के कैंसर की तीन विशेष जांच

डायमंड्स लैब में स्तन कैंसर के मरीजों के लिए ईआर, पीआर, एचईआर2 और केआई-67 जांच की जाएगी।

जानकारी मिलेगी

इन जांचों से कैंसर कोशिकाओं की प्रकृति और उनमें मौजूद विशेष बदलावों की जानकारी मिलेगी। इसके आधार पर डॉक्टर यह समझ सकेंगे कि मरीज को हार्मोन आधारित दवाओं, विशेष लक्षित दवाओं या इम्यूनोथेरेपी से लाभ मिलने की संभावना है या नहीं।

डॉ. मनीषा श्रीवास्तव
निदेशक, बीएमएचआरसी

एक ही कॉलोनी में चंद घंटों के भीतर बुजुर्ग महिला और कारोबारी पर किया था हमला

सवा लाख से अधिक श्वानों की आबादी के बीच सालभर में सिर्फ 25 हजार की नसबंदी

पांच साल में 9 करोड़ रुपए खर्च, फिर भी आवारा कुत्तों की दहशत बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आवारा श्वानों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नसबंदी और टीकाकरण के नाम पर नगर निगम पिछले पांच साल में करीब 9 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद श्वानों के हमलों से राहत नहीं मिल रही है।

बुधवार को कोलार रोड स्थित यूबी सिटी कॉलोनी में चंद घंटों के अंतराल में दो लोगों पर श्वानों ने हमला कर दिया। इसमें 40 वर्षीय कारोबारी अभय परिहार और 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला थॉमस घायल हो गईं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद कॉलोनी के रहवासियों में दहशत है।


खटलापुरा घाट पर आवारा कुत्ते।

तीन सेंटर, क्षमता सिर्फ 600 श्वानों की...

शहर में आवारा श्वानों की आबादी सवा लाख से अधिक बताई जा रही है। इसके मुकाबले नगर निगम के पास अरवलिया, आदमपुर छावनी और कजलीखेड़ा में केवल तीन नसबंदी केंद्र हैं। इनकी कुल क्षमता करीब 600 श्वानों की है। यहां रोजाना 20 से 25 श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण हो रहा है। सालभर में भी केवल 20 से 25 हजार श्वानों की नसबंदी हो पाती है। ऐसे में आबादी पर नियंत्रण की रफ्तार बेहद धीमी है।

एक कॉलोनी में दो लोगों को काटा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

जानकारी के अनुसार, पहले आवारा श्वानों के झुंड ने कारोबारी अभय परिहार को घेर लिया और उनके पैरों में बुरी तरह काट लिया। इसके कुछ समय बाद बुजुर्ग महिला थॉमस भी श्वानों के हमले का शिकार हो गईं। दोनों के पैरों में गहरे घाव आए हैं। कारोबारी को अपोलो सेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि बुजुर्ग महिला को कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद श्वानों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

कालापानी में एक हजार श्वानों की क्षमता वाला शेल्टर प्रस्तावित

- पांच साल में करीब 9 करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी शहर में एक स्थायी डॉग शेल्टर नहीं बन पाया है। कालापानी में एक हजार श्वानों की क्षमता वाला शेल्टर प्रस्तावित है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। भानपुर में नया नसबंदी केंद्र भी निर्माणाधीन है।
- ग्राम पंचायत और निगम के बीच उलझे रहवासी यूबी सिटी कॉलोनी के रहवासियों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि कॉलोनी ग्राम पंचायत और नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के बीच फंसी हुई है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही। एक तरफ निगम 2030 तक भोपाल को रैबीज मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ लोग अपने घरों के बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं।
- उपायुक्त, हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि अभी हमारे पास तीन सेंटर है। आगामी तैयारी चल रही है, साथ ही श्वानों की पकड़ने के लिए गाड़ियां चलाई जा रही है।

पेज 1 का शेष

10 भाषाओं में शिकायत...
दर्ज कराई जा सकती है। जो लोग स्थानीय भाषा नहीं जानते, उन्हें इस सुविधा से काफी मदद मिलती है।

पिछोर से सीएम यादव ...
2024, अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में चार अवसरों पर पात्र महिलाओं को 250 रुपए की विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है।

भारत की सफलता ...
क्षमता, उपलब्धियों और लोगों की सफलताओं को सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इसलिए भारतीय कंटेंट में देश की उपलब्धियों, गौरव और सकारात्मक पक्ष को जगह मिलनी चाहिए। इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की।

अब विकसित राष्ट्र बनने ...
हमारा देश भी एक डेडलाइन के साथ काम कर रहा है। यह डेडलाइन है 2047। देश को विकसित बनाने का सपना आजादी के समय से हमारे साथ रहा है लेकिन अब इस सपने के सामने एक तारीख तय है- 2047। यानी भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने से पहले हमें भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

एनडीए सरकार...
है। उन्होंने बताया कि 50 करोड़ लोगों को उनकी सरकार ने गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। उन्होंने कहा, पहले गरीबी हटाओ के नारे लगते थे लेकिन असल में गरीबी को इस सरकार ने दूर किया है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक पिछले 12 सालों में 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश हाई स्पीड रेल नेटवर्क मांगता है, पहले चार लेन की सड़क भी बड़ी उपलब्धि थी।

अखाड़ा श्री निरंजनी ...
बनाया था, लेकिन वे इसके बाद अखाड़े के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। एफआईआर की जानकारी मिलने के बाद अखाड़े ने पंचों की बैठक में कार्रवाई का निर्णय लिया। महिला ने शिकायत में बताया कि जनवरी 2023 में फेसबुक पर इंद्रदेव के सत्संग वीडियो देखने के बाद उनसे संपर्क किया था। अप्रैल में मुंबई में सात दिवसीय सत्संग में शामिल होकर दीक्षा भी ली थी। महिला का आरोप है कि दिसंबर 2023 में अपनी निजी समस्याएं बताने पर इंद्रदेव ने मदद का भरोसा देकर संपर्क बनाए रखा और उसका यौन उत्पीड़न किया। साथ ही ऑडियो रिकॉर्डिंग डिलीट करने के लिए धमकाने का भी आरोप लगाया है।

देवास के युवक ...
इसी साल मार्च-अप्रैल में हैक हुआ था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर के तीन निजी स्कूलों और महापौर कार्यालय को अलग-अलग ईमेल से कॉन्सर्ट में बम विस्फोट की धमकी मिली थी। तकनीकी जांच में अमेरिका का एक संदिग्ध आईपी एड्रेस मिला है, जिसका इस्तेमाल वीपीएन के जरिए किया गया था। पुलिस ने निखिल के बयान दर्ज कर लिए हैं। शुरुआती जांच में धमकियां भ्रामक पाई गई हैं। साइबर टीम अब ईमेल भेजने वाले वास्तविक व्यक्ति और उसके नेटवर्क का पता लगा रही है।

हैदराबाद के बाद ...
मैदान है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि 6 नवंबर को हुए परीक्षण में मैदान को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाया गया। प्रमाणपत्र 6 नवंबर 2029 तक वैध रहेगा। उन्होंने इसे प्रदेश में विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। गौरतलब है कि 19 नवंबर से इसी मैदान पर महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन होगा। इसमें एशिया की शीर्ष महिला हॉकी टीमें हिस्सा लेंगी। इस आयोजन से भोपाल को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

एनवीडिया के सीईओ ...
खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने के आरोप सामने आए थे। विवाद के बीच कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक हुई, जिसके बाद उनके इस्तीफे की घोषणा की गई। मामले ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का भी ध्यान खींचा है। एनवीडिया और एफबीआई कथित संबंधों से जुड़े पहलुओं की जांच कर रहे हैं। हुआंग ने रविवार को एक महिला के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की थी। यह महिला दूसरी कंपनी से जुड़ी बताई गई है और उस पर चीनी खुफिया सेवाओं के साथ संबंध होने का संदेह है। इसके अलावा एनवीडिया की एक महिला अधिकारी के साथ भी उनके कथित संबंधों का जिक्र किया गया। इन खुलासों के बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि जेन्सन हुआंग ने 1993 में एनवीडिया की सह-स्थापना की थी।

रिटायर्ड डीएसपी के ...
कमरे से छत की ओर जाते दिखाई दिए हैं। इसके बाद वह वापस आते नहीं दिखे। छत और होटल के पिछले हिस्से में कैमरे नहीं होने से घटना का पूरा घटनाक्रम स्पष्ट नहीं हो सका है। लसूड़िया पुलिस होटल कर्मचारियों, परिजन और संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। राजकुमार के पिता लोकायुक्त से रिटायर्ड डीएसपी हैं, जबकि भाई धार में सब इंस्पेक्टर हैं।

आईआईटी खड़गपुर में इंजीनियरिंग ...
करना नहीं है, बल्कि एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाना है जहां क्लीनिकल एक्सीलेंस के साथ इंजीनियरिंग की प्रतिभा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ट्रांसलेशनल रिसर्च का मेल हो। हम चाहते हैं कि हमारे मेडिकल ग्रेजुएट्स न केवल बेहतरीन डॉक्टर बनें, बल्कि ऐसे इनोवेटर्स भी बनें जो मानवता की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान निकाल सकें। 2026-27 का पहला बैच इस नई यात्रा का पथप्रदर्शक होगा।

पेज 3 का शेष

भारतीय कानून में यह ...
तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी है। अदालत ने साफ किया कि शादी के पूरी तरह टूट जाने (इर्रीट्रीवेबल ब्रेकडाउन) को भारत में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत तलाक का स्वतंत्र वैधानिक आधार नहीं माना गया है। इसलिए विदेशी अदालत इस आधार पर तलाक देती है, तो वह भारत में स्वतः मान्य नहीं होगा। अदालत के मुताबिक, विदेश से तलाक की डिक्री हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है। भारत में उसे कानूनी मान्यता तभी मिलेगी, जब वह भारतीय कानून की कसौटी पर सही उतरेगी।

दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई ...
सकता। भारतीय कानून के मुताबिक पहली शादी समाप्त नहीं हुई है, तो वह वैध मानी जाएगी और दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार बन सकती है।

पाताल लोक में भारत ...
के बाला इलाके में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की यूनिट
के नीचे इस भूमिगत भंडारण केंद्र का निर्माण किया गया है। इसे तैयार करने वाली कंपनी 'मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' के अनुसार, इस प्रोजेक्ट को बेहद खास तकनीक से डिजाइन किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जमीन के भीतर सुरक्षित तरीके से गैस का भंडारण होगा, जबकि ऊपरी सतह का उपयोग अन्य सामान्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। समुद्र किनारे तैयार यह भूमिगत ढांचा भारत का सबसे बड़ा छिपा हुआ गैस भंडार होगा।

परिसीमन बिल पारित ...
सकता है। संविधान संशोधन विधेयक के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 मतों की जरूरत होगी। 543 सदस्यीय सदन में फिलहाल तीन सीटें खाली हैं।

सरकार ने 17 अप्रैल को बजट सत्र के दौरान भी यह विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन जरूरी बहुमत नहीं मिलने के कारण उसे सफलता नहीं मिली थी। नए प्रस्ताव में सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने की योजना है। साथ ही 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच सीटों के मौजूदा अनुपात को बनाए रखने का प्रस्ताव है, ताकि दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सके।

राजनाथ सिंह, बिरला सहित ...
पहुंचे। इस मौके पर देश और प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने भी भोपाल पहुंचकर दिवंगत काशीबाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी नेताओं ने स्व. श्रीमती काशी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शिवराज सिंह चौहान एवं उनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति पर ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री चौहान की माताजी श्रीमती काशी बाई का 30 अक्टूबर को भोपाल स्थित एम्स में उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया था। उनकी दिवंगत माताजी का सीहोर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव जैत में वैदिक परंपराओं एवं विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश
पी-77 सुल्तानियां इंफेन्ट्री लाईन
भोपाल (दूरभाष - 0755-2926566)
संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा गणतंत्रता दिवस शिविरों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रशिक्षण संबंधी सेवाओं के लिए जेम पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2026/B/8218983 आयोजित की गई है। पात्र संस्थायें जेम की शर्तों के अनुसार उक्त निविदा में सम्मिलित हो सकते हैं।
संचालक
G-21361/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर म.प्र.

पूर्व मध्य रेल
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: ई–निविदा संख्या : TRD-OT-18-RMCI-CIC-26-27.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Re-setting of masts having critical implantation in CIC Section of Dhanbad Division (PH-II). कार्य समापन की अवधि – (18) अठारह माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹3,32,56,956.51/– निविदा प्रपत्र का मुल्य– शून्य/–, 3. बीड सिक्युरिटि : ₹6,65,100/–, 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 03.12.2026 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 03.12.2026 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./पूमरे/धनबाद
पीआर/1334/डीएचएन/टीआरडी/टी/26–27/32

पूर्व मध्य रेल
खुली ई–निविदा प्रकाशन सूचना
वमयाई/लोको शेड/समस्तीपुर निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।
(क) कार्य का नाम एवं स्थान : "Comprehensive Rehabilitation/Renewal of tap changer N-32 for conventional loco, Qty. 10 nos. Sanction under BULK RSP 2025-26.", **(ख) अनुमानित लागत :** रु. 2,32,70,000/– (दो करोड़ बत्तीस लाख सत्तर हजार रुपये मात्र), **(ग) अग्रधन जो जमा करना है :** जीसीसी–2022 के अनुसार, टीडीसी शून्य है और तत्काल निविदा के लिए बोली सुरक्षा (ईएमडी) की लागत Rs. 4,65,400/- रुपये होगी (ई–टेंडरिंग के संबंध में केवल चार लाख पैंसठ हजार चार सौ मात्र बोली सुरक्षा (ईएमडी) का भुगतान) – निविदा, केवल www.ireps.gov.in पर नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार की जानी चाहिए। **(घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 07.12.2026 अपराह्न 12:00 तक। 07.12.2026 अपराह्न 12:30। **(ङ) वेब साइट का विवरण जहां ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
म.वि.ई. (क.च.स्टॉ.), लोको शेड/समस्तीपुर
पीआर/1332/लोको शेड समस्तीपुर/एमईसीएच/टी/26–27/36

जाहिर सूचना
(एक किता मीनल रेजीडेंसी (फेज–2 से 6) में स्थित, राज बिजनेस पार्क–2, के ग्राउंड फ्लोर पर फ्रीहोल्ड दुकान नंबर 12, दुकान का क्षेत्रफलत 24.71 वर्ग मीटर (266 वर्ग फुट), खसरा क्र. 307/8, 8/2, (1/2, 3/4, 305/3/2, 8/1/1) क, (1/2, 3/4, 305/3/2, 8/1/1) ख, और अन्य (ग्राम नरेला शंकरी, जे.के. रोड, भोपाल, म.प्र., म्युनिसिपल वार्ड नंबर 65) का हिस्सा है।)
मैं मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री नबी बख्श सौदागर, पिता श्री रहीम बख्श सौदागर आयु वयस्क निवासी पटेल बीड़ी, गढ़ी खाना, नया बाजार नंबर 02, दमोह (मप्र) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता मीनाल रेजीडेंसी (फेज–2 से 6) में स्थित "राज बिजनेस पार्क–2" के ग्राउंड फ्लोर पर फ्रीहोल्ड दुकान नंबर 12, दुकान का क्षेत्रफलः 24. 71 वर्ग मीटर (266 वर्ग फुट), खसरा क्रं. 307/8, 8/2, (1/2, 3/4, 305/3/2, 8/1/1) "क", (1/2, 3/4, 305/3/2, 8/1/1) "ख" और अन्य (ग्राम नरेला शंकरी, जे.के. रोड, भोपाल, म.प्र., म्युनिसिपल वार्ड नंबर 65) का हिस्सा है को क्रय करने की बयाना राशि अदा कर दी हैं इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं। पूर्व में–अन्य भूमि, पश्चिम में– कॉरिडोर (गलियारा) उत्तर में–दुकान नंबर GF-13 दक्षिण में–दुकान नंबर GF-11 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी आदि का उक्त संपत्ति के सम्बंध में कोई पूर्व संव्यवहार हो, या किसी का कोई हित संपत्ति में समाहित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा तथा सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार रहेगा। सूचित हों।
दिलीप कुमार खरया (अधिवक्ता)
कार्या.: 9, 10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिष्ठान के ऊपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. मो. : 9893991953

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //
हाऊसिंग बोर्ड, रिवेएरा टाउन, मेनिट चौराहा, नियर माता मंदिर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक-128 डुप्लेक्स, फेस-2 मण्डल द्वारा श्री दिलीप सिंह परिहार आत्मज श्री हरी सिंह परिहार के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 22/01/2009 को एवं संशोधन पत्र दिनांक 16/10/2026 को पंजीकृत है। श्री दिलीप सिंह परिहार आत्मज श्री हरी सिंह परिहार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मधु जैन पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार जैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 16/10/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती मधु जैन पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार जैन के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नेहरु नगर, भोपाल में स्थित शेड क्र.- एस/120 मंडल द्वारा श्री हीरालाल देवनानी एवं श्रीमती नेहा देवनानी के नाम से हस्तांतरित है, उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 16/08/2007 को पंजीकृत है एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 04/06/2025 को पंजीकृत है ।। श्री हीरालाल देवनानी एवं श्रीमती नेहा देवनानी से उक्त संपत्ति श्री कृष्ण कुमार द्विवेदी आत्मज श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 17/04/2026 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति श्री कृष्ण कुमार द्विवेदी आत्मज श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे । समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, वृत्त-2, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 6071/अ-6/2026-27
दिनांक 02/11/2026
ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.न. 38
// इश्तहार //
सर्वसाधरण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक सुशीला बाई पत्नि तुलसीराम पाल निवासी- प्रगति नगर, अशोका गार्डन, भोपाल, म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी0597120210110834 दिनांक 01.12.2021 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 229/1/3 में से अंश भाग रकबा 55.76 व.मी. भूमि स्थित ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.न. 38 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रेता पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है। उक्त संबध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 18/11/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 02/11/2026 को जारी किया गया है।
नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
1. ई–निविदा संख्या : एस एण्ड टी–सी–157. 2. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर–सगौली खंड पर दोहरीकरण कार्य के सिलसिले में, मुजफ्फरपुर स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग (L.C.) गेट नंबर 104 और दामोदर रोड ओवर ब्रिज (ROB) के निकट S&T उपकरणों तथा अन्य सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रतिष्ठानों को स्थानांतरित करना। 3. अनुमानित लागत : ₹1,34,24,870.33, 4. अमानत राशि : ₹2,68,500.00. 5. निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य। 6. कार्य निस्पादित करने का समय : 04 महिना। 7. ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 04.12.2026 को 13.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/उत्तर–II/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1337/एमएचएक्स/एसएण्डटी/टी/26–27/32

जाहिर सूचना
(एक किता कृषि भूमि खसरा क्रं. 508/1/5 (S) 509/1, जिसका रकबा 0.0830 हेक्टेयर, ग्राम बरखेडा नाथू, पटवारी हल्का बरखेडा नाथू, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के बाहर मुख्य मार्ग से अन्दर में स्थित है।)
मैं मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री विनोद सिंह आयु वयस्क निवासी मकान क्रमांक ए–38 थाटीपुर कॉलोनी, मुरार ग्वालियर (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता कृषि भूमि खसरा क्रं. 508/1/5 (S) 509/1, जिसका रकबा 0.0830 हेक्टेयर, ग्राम बरखेडा नाथू, पटवारी हल्का बरखेडा नाथू, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के बाहर मुख्य मार्ग से अन्दर में स्थित है को क्रय करने की बयाना राशि अदा कर दी है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी आदि का उक्त संपत्ति के सम्बंध में कोई पूर्व संव्यवहार हो, या किसी का कोई हित संपत्ति में समाहित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा तथा सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार रहेगा। सूचित हों।
दिलीप कुमार खरया (अधिवक्ता)
कार्या.: 9, 10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिष्ठान के ऊपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. मो. : 9893991953

कार्यालय आयुक्त
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृति योजना वर्ष 2026-27 के लिए चयन हेतु संक्षिप्त विज्ञप्ति
कार्यालय आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारापिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृति योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु योजना नियम एवं प्रावधानों के तहत पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु विज्ञप्ति जारी करते हुए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
1. मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के पोर्टल URL https://mpom.mp.gov.in के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
2. योजना अंतर्गत पात्रता एवं अन्य शर्तें जानने के लिए विस्तृत विज्ञप्ति विभागीय पोर्टल URL https://mpom.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल विजिट कर विस्तार से प्रक्रिया समझ कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
3. विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 01 माह तक प्राप्त आवेदनों को फ्रीज किया जाकर प्रथम चरण में विचारण किया जावेगा तथा चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। 01 माह की समाप्ति पर पोर्टल 01 दिन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जायेगा। तत्पश्चात पोर्टल पर द्वितीय चरण की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। प्रथम चरण में नियमानुसार चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीटें रिक्त रह जाने की स्थिति में ही द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जायेगा।
इस प्रकार वित्तीय वर्ष के अंत तक निर्धारित सीटों पर शत-प्रतिशत चयन के लिए 1-1 माह की अवधि के विभिन्न चरण में उपरोक्तानुसार चयन प्रक्रिया संचालित रहेगी। विज्ञापित वर्ष के लिए निर्धारित 50 सीटों पर चयन के पश्चात 10 प्रतिशत सीटों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी। तत्पश्चात संबंधित वर्ष की चयन प्रक्रिया समाप्त मानी जावेगी।
4. अभ्यर्थी आवेदन या अन्य दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की असुविधा, कठिनाई या तकनीकी समस्या होने पर विभागीय हेल्पलाईन नं. 0755-2553329, 0755-2675521, ई-मेल आई डी nodalofficerobc@mp.gov.in पर या विभागीय जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।
(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)
संयुक्त संचालक
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश
G-21321/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | विकित्सा | ज्योतिष | डिस्पले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि सत्यवार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल | Veronika Khushi Heights Main Road Abbas Nagar Bhopal

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्र

खबर संक्षेप

स्प्लैशबी करेगी 10 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश

हैदराबाद। अमेरिका की कंपनी स्प्लैशबी ने हैदराबाद के वित्तीय जिले स्थित वीएसडी टेक पार्क में अपना नया वैश्विक क्षमता केंद्र शुरू किया है। कंपनी 5 से 7 वर्षों में इस केंद्र के विस्तार, तकनीकी ढांचे और प्रतिभा विकास के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगी। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को मजबूत करने के लिए विशेष आंकड़ा केंद्र में 40 लाख डॉलर का निवेश किया जाएगा। तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने केंद्र का उद्घाटन किया।

एस्कॉर्ट्स ने किया कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान

नई दिल्ली। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अपने तीन प्रमुख ब्रांड कुबोटा, फार्मट्रैक और पावरट्रैक के ट्रैक्टरों की कीमतों में बदलाव करने का ऐलान किया है। कंपनी की नई कीमतें नवंबर 2026 में त्योहारी सीजन के बाद लागू होंगी। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का प्रतिशत स्पष्ट नहीं किया है। कंपनी के मुताबिक, ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लागत लगातार बढ़ रही है। महंगाई और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते उत्पादन एवं परिचालन खर्च पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है।

किआ 2 अरब डॉलर का करेगी निवेश

नई दिल्ली। दक्षिण कोरियाई वाहन निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने भारत में अपने कारोबार के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी आंध्र प्रदेश में अपना दूसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। इस परियोजना के लिए किआ इंडिया और उसके सप्लायर पार्टनर्स मिलकर 2 अरब डॉलर (करीब 16,000 करोड़ रुपए) का निवेश करेंगे। कंपनी ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद इस निवेश की घोषणा की।

4327 शिकायतों में 3336 का हुआ निराकरण, 77.09 फीसदी रही निपटान दर, 33 फीसदी मामलों का मध्यस्थता से समाधान

बीमा कंपनियों की मनमानी पर लगेगी लगाम, भोपाल बीमा लोकपाल ने एक साल में निपटाई 3336 शिकायतें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बीमा क्लेम में देरी, पॉलिसी विवाद और बीमा कंपनियों की मनमानी से परेशान बीमाधारकों के लिए बीमा लोकपाल बड़ी राहत बनकर उभरा है। बीमाधारकों की शिकायतों का निःशुल्क, निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण करने के उद्देश्य से देशभर में 18 बीमा लोकपाल कार्यालय संचालित हैं। इनमें भोपाल केंद्र ने वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्राप्त 4327 शिकायतों में से 3336 का निराकरण किया है। इस तरह केंद्र की निपटान दर 77.09 प्रतिशत रही। खास बात यह है कि निपटाए गए मामलों में 33 प्रतिशत शिकायतों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। राजधानी भोपाल में आयोजित इंश्योरेंस आम्बुड्समैन-डे के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस मलय श्रीवास्तव, बीमा लोकपाल अजय कुमार, उप सचिव नीरा आपटे और सहायक सचिव अनुराग अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बीमा


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए

लोकपाल की भूमिका, शिकायत निवारण की प्रक्रिया और बीमाधारकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बीमा लोकपाल अजय कुमार ने बताया कि हर साल 11 नवंबर को इन्श्योरेंस आम्बुड्समैन डे मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1998 में भारत सरकार ने लोक शिकायत निवारण नियम अधिसूचित किए थे। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सरल, प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराना है। बीमा लोकपाल बीमा कंपनियों के खिलाफ बीमाधारक अपनी पात्र शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। बीमा दलालों से संबंधित पात्र शिकायतों पर भी यहां सुनवाई होती है। सबसे बड़ी राहत यह है कि शिकायत दर्ज कराने से लेकर उसके निराकरण तक कोई शुल्क नहीं लिया जाता। वर्ष 2017 में बीमा लोकपाल नियम लागू किए गए थे। इसके बाद 2 मार्च 2021 को संशोधित नियम अधिसूचित किए गए, जिनके माध्यम से शिकायत निवारण व्यवस्था का दायरा और अधिक व्यापक किया गया।

मप्र और छग के मामलों की भोपाल में सुनवाई

बीमा लोकपाल परिषद (सीआईओ) देशभर के बीमा लोकपाल कार्यालयों को प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराती है। वर्तमान में देश के 18 शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, एर्नाकुलम, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नोएडा, पटना, पुणे और ठाणे में कार्यालय संचालित हैं। भोपाल केंद्र के अधिकार क्षेत्र में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीमाधारक आते हैं। भोपाल केंद्र के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026-27 में 31 अक्टूबर 2026 तक कुल 4248 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2163 का निराकरण किया जा चुका है। इस अवधि में शिकायत निपटान की दर 50.91 प्रतिशत रही। निपटाए गए मामलों में 30 प्रतिशत शिकायतों का समाधान मध्यस्थता के जरिए किया गया।

कृषि आधारित नवाचार और वैश्विक जुड़ाव का केंद्र बनेगा श्री धन्वंतरि धाम

हर्बल क्रांति से रुकेगा उत्तराखंड से पलायन पहाड़ के गांवों में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

उत्तराखंड में पलायन की समस्या पर अंकुश लगाने और पहाड़ के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब हर्बल खेती और औषधीय पौधों की कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड को हर्बल स्टेट बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

प्रथम हर्बल कुंभ एवं द्वितीय धन्वंतरि महोत्सव के दूसरे दिन मालागांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी और बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि पतंजलि के प्रयास उत्तराखंड में हर्बल क्रांति लाने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हर्बल



हर्बल खेती से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि उत्तराखंड जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध प्रदेश है। यहां औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जा सकती है। सरकार हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, इसलिए स्वरोजगार को बढ़ावा देना जरूरी है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने श्री धन्वंतरि धाम के विकास के लिए आचार्य बालकृष्ण की सराहना की। उन्होंने कोरोना काल का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें पांच बार कोरोना संक्रमण हुआ और उस दौरान आयुर्वेदिक काढ़े से काफी राहत मिली।

कुंभ अपने उद्देश्य में सफल रहा है। खेती-किसानी, कुटीर उद्योग, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास इस आयोजन के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हर्बल कुंभ उत्तराखंड की समृद्धि के साथ पहाड़ों से पलायन रोकने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

दुनियाभर के लोग देखने आएंगे धन्वंतरि धाम

बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने इस क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। आने वाले समय में पूरी दुनिया श्री धन्वंतरि धाम को देखने आएगी। उन्होंने कहा कि पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए पारंपरिक खेती के साथ जड़ी-बूटी आधारित कृषि को बढ़ावा देना होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। पतंजलि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रिया आर्य ने बताया कि हर्बल कुंभ का उद्देश्य जड़ी-बूटियों के संरक्षण, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। पतंजलि ने 700 से अधिक शोधपत्रों के माध्यम से आयुर्वेद को साक्ष्य आधारित स्वरूप में प्रस्तुत किया है। आचार्य बालकृष्ण ने अतिथियों का शॉल और रुद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया।

27 नवंबर तक चलने वाले मेले में 3500 प्रदर्शक होंगे शामिल

14 नवंबर से सजेगा 45वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, पहली बार 600 स्टार्टअप्स दिखाएंगे दम

32 राज्यों के अलावा 11 देशों की भागीदारी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में 14 नवंबर से 45वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) शुरू होने जा रहा है। 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले की थीम 'विकास और विरासत' रखी गई है। इसमें देश की औद्योगिक प्रगति, आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप नवाचार और पारंपरिक उत्पादों की झलक एक साथ देखने को मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 13 नवंबर को मेले का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष मेले में 3500 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम के 17 हॉल में एक लाख वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित होने वाले इस आयोजन में 32 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अलावा 11 देशों की भागीदारी होगी।

इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण करीब 600 स्टार्टअप होंगे, जिन्हें हॉल ऑफ इंस्पिरेशन में जगह दी जाएगी। यहां डीप टेक, कृषि तकनीक, ड्रोन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और शिक्षा तकनीक से जुड़े नए प्रयोगों और उत्पादों का प्रदर्शन होगा। आगंतुकों को देश में विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों और नए व्यावसायिक विचारों को देखने का अवसर मिलेगा। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पवेलियन में 21 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, हस्तशिल्प, खानपान और स्थानीय संस्कृति प्रदर्शित की जाएगी। इससे स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रचार का मंच मिलेगा।

बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश पार्टनर राज्य होंगे, जबकि असम, दिल्ली, झारखंड और पश्चिम बंगाल फोकस राज्यों के रूप में शामिल होंगे। ये राज्य अपने उद्योग, पर्यटन, हस्तशिल्प और विकास योजनाओं को प्रदर्शित करेंगे।

छोटे व्यापारियों को राहत दिलाने की पहल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री देवड़ा को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के छोटे व्यापारियों को जीएसटी और वैट से जुड़ी परेशानियों से राहत दिलाने के लिए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने पहल की है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात कर चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पारख, सचिव धीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय श्रीवास्तव शामिल रहे। एसोसिएशन की इस पहल को छोटे व्यापारियों को जीएसटी और वैट संबंधी प्रक्रियागत परेशानियों से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि व्यापारियों की इन समस्याओं और मांगों को जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में मध्यप्रदेश की ओर से प्रमुखता से उठाया जाए।

वित्त मंत्री ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा

प्रतिनिधिमंडल ने छोटे व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं को विस्तार से वित्त मंत्री के सामने रखा। जगदीश देवड़ा ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निराकरण के लिए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

छोटे व्यापारियों के जीएसटी और वैट से जुड़ी परेशानियों के प्रमुख चार मुद्दे

एसोसिएशन ने मांग की कि व्यापारियों से संबंधित नोटिस, ऑडिट और असेसमेंट की कार्रवाई स्थानीय स्तर पर ही की जाए। दूसरे शहरों में असेसमेंट की प्रक्रिया होने से छोटे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। वैट की बकाया वसूली के मामलों में व्यापारियों के बैंक खाते ब्लॉक करने से पहले उन्हें नोटिस दिया जाए। इससे व्यापारियों को अपना पक्ष रखने और समस्या का समाधान करने का उचित अवसर मिल सकेगा। एसोसिएशन ने जीएसटी अपील के मामलों में छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए एमनेस्टी स्कीम लाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कई व्यापारियों की अपीलें समय-सीमा समाप्त होने के कारण टाइम बार हो चुकी हैं और ऐसे प्रकरण ट्रिब्यूनल तक पहुंच रहे हैं। एमनेस्टी स्कीम से उन्हें राहत मिल सकती है। पूर्व वर्षों में समय पर जीएसटी वार्षिक रिटर्न दाखिल नहीं कर पाने वाले कंपोजिशन डीलरों के लिए भी एमनेस्टी स्कीम लागू करने की मांग की गई, ताकि उन्हें रिटर्न दाखिल करने का एक और अवसर मिल सके।

चयन प्रतिष्ठित विद्वानों और विषय विशेषज्ञों निर्णायक मंडल ने किया

इंफोसिस पुरस्कार 2026: 6 युवा शोधकर्ताओं को मिला सम्मान, प्रत्येक को 1 लाख डॉलर पुरस्कार राशि

एजेंसी.नई ▶▶ दिल्ली

इंफोसिस साइंस फाउंडेशन (आईएसएफ) ने गुरुवार को प्रतिष्ठित 'इंफोसिस पुरस्कार 2026' के विजेताओं की घोषणा की। इस वर्ष छह अलग-अलग श्रेणियों में युवा शोधकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट अकादमिक और शोध कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। इनमें अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणितीय विज्ञान और भौतिक विज्ञान शामिल हैं।

पुरस्कार विजेताओं में बेंगलुरु स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) के इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर रिद्धिप्रतिम बसु भी शामिल हैं। प्रत्येक पुरस्कार के तहत विजेता को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र और एक लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान की जाएगी। विजेताओं का चयन प्रतिष्ठित विद्वानों और विषय विशेषज्ञों से गठित अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने किया है। इंफोसिस साइंस फाउंडेशन के ट्रस्टी क्रिस गोपालकृष्णन ने बताया कि इस साल पुरस्कारों के लिए कुल 222 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 150 थी। इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान श्रेणी में सबसे अधिक आवेदन आए। आईएसएफ के अध्यक्ष श्रीनाथ बटनी के अनुसार, युवा शोधकर्ताओं को उनके करियर के शुरुआती दौर में सम्मानित करने से उन्हें नए और साहसिक सवालों पर काम करने, स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने तथा क्षेत्रों में दीर्घकालिक योगदान देने का प्रोत्साहन मिलता है।

सूरज और आयुष्मान आएंगे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में

इंदौर। फिल्मकार सूरज बड़जात्या अपनी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की स्टारकास्ट के साथ नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में नजर आएंगे। इस शनिवार प्रसारित होने वाले विशेष एपिसोड में आयुष्मान खुराना, शरवरी, सुप्रिया पाठक, सीमा पाहवा, सौम्या टंडन, गीता अग्रवाल शर्मा, स्वानंद किरकिरे और सुरभि तिवारी भी शामिल होंगे।

शिक्षकों को मिल रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस) में शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से तीन दिवसीय शिक्षक विकास कार्यशाला शुरू हुई। कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 12 से 14 नवंबर तक आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों को एआई के शैक्षणिक उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सक्सेना, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लाहिरी, आरआईटीएस निदेशक डॉ. अजय सिंह, डीन आरजीआई एसबी खरे और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जयपाल बिष्ट उपस्थित रहे। राधारमण ग्रुप के



चेयरमैन इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रही है। शिक्षकों को नई तकनीकों को अपनाकर शिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ानी चाहिए। एआई शिक्षकों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने का माध्यम है। कार्यशाला में हजेला एकेडमी के विशेषज्ञ आशीष दास और बिजनेस एवं मार्केटिंग प्रमुख गोविंद नेमा प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. चेतन अग्रवाल कर रहे हैं।

सरकार के समक्ष भी पक्ष रखने की रणनीति बनेगी

व्यापारियों का दिल्ली कूच: जीएसटी की जटिलताओं साइबर फ्रॉड व लाइसेंस व्यवस्था में बदलाव पर होगा मंथन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए मध्यप्रदेश के व्यापारी नेता दिल्ली कूच पर है। वे यहां कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की शुक्रवार 13 नवंबर को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय बैठक जीएसटी की जटिलताओं, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, लाइसेंस व्यवस्था में सुधार और व्यापारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, पिछले दिनों राजनीतिक आंदोलनों और धरना-प्रदर्शनों के कारण व्यापारिक गतिविधियों और कारोबारियों की आजीविका पर पड़ने वाले असर का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। संगठन की मांग है कि प्रत्येक शहर में विरोध-प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल बनाए जाएं, ताकि बाजारों में कारोबार और आम लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। इस संबंध में सरकार और न्यायपालिका के समक्ष भी पक्ष रखने की रणनीति बनाई जाएगी।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि बैठक में जीएसटी की प्रक्रियाओं को सरल बनाने, साइबर ठगी से व्यापारियों को बचाने और 'एक व्यापारी-एक लाइसेंस' व्यवस्था लागू करने पर विचार होगा। पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त करने का मुद्दा भी उठाया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल कॉमर्स, ई-कॉमर्स, भारत ई-मार्ट और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ छोटे कारोबारियों के लिए नए व्यावसायिक अवसर तलाशे जाएंगे। कैट मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, चेयरमैन सुनील अग्रवाल और कैट भोपाल के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि बैठक में शामिल होकर प्रदेश के कारोबारियों की समस्याएं और सुझाव रखेंगे। व्यापारी नेताओं के अनुसार, व्यापारिक गतिविधियों की सुरक्षा, जीएसटी की व्यावहारिक दिक्कतों और कारोबार को सरल बनाने के लिए ठोस पहल जरूरी है।

बॉब ने बढ़ाई एफडी ब्याज दरें, 7.50 फीसदी तक रिटर्न

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी विशेष 555 दिवसीय 'बॉब गोल्डन गोल जमा योजना' की ब्याज दरों में 10 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की है। नई दरें 12 नवंबर 2026 से लागू हो गई हैं। इस संशोधन के बाद जमाकर्ताओं को योजना के तहत अधिकतम 7.50 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। यह योजना 3 करोड़ रुपए से कम की खुदरा सावधि जमा के लिए उपलब्ध है।

बैंक के अनुसार, नई ब्याज दरें प्रतिदेय और गैर-प्रतिदेय दोनों तरह की जमा पर लागू होंगी। सामान्य ग्राहकों को प्रतिदेय जमा पर 6.85 प्रतिशत और गैर-प्रतिदेय जमा पर 6.90 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

आईडीबीआई बैंक में वैश्विक पहुंच वाला भारत का सर्वश्रेष्ठ समग्र बैंक बनने की क्षमता

मुंबई। कनाडा की निवेश कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी पीटर क्लार्क ने कहा है कि आईडीबीआई बैंक में वैश्विक पहुंच वाला भारत का सर्वश्रेष्ठ समग्र बैंक बनने की क्षमता है। इससे देश का ऋण-जीडीपी अनुपात बढ़ाने के साथ आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। क्लार्क का यह बयान आईडीबीआई बैंक में नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए फेयरफैक्स की ओर से लगाई गई बोली के बीच आया है। अरबपति निवेशक प्रेम वत्स के नेतृत्व वाली कंपनी ने बैंक की 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 81 रुपए प्रति शेयर की पेशकश की है। इस सौदे का कुल मूल्य 52,878 करोड़ रुपए है।

यह बोली सरकार के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए निर्धारित 75.99 रुपए प्रति शेयर के मूल्य से अधिक है। वहीं, 31 मार्च 2026 तक बैंक के 51.85 रुपए प्रति शेयर के नियामकीय लेखा मूल्य के मुकाबले यह करीब 56 प्रतिशत अधिक है। अंतिम बोलियां आमंत्रित किए जाने के समय बैंक का शेयर बाजार भाव 70.38 रुपए था। इस लिहाज से फेयरफैक्स की पेशकश करीब 15 प्रतिशत अधिक है।

कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी सिलवानी, सामान्य वनमण्डल रायसेन
sdoftsilwani@mp.gov.in

-: विज्ञापित :-

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वन मण्डल सामान्य रायसेन के उप वन मण्डल सिलवानी के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र पूर्व / पश्चिम सिलवानी / देवरी/ जैथारी के अन्तर्गत निम्नानुसार वर्णित वाहन / सम्पत्ति का उपयोग वन अपराध में किये जाने से जप्त किया गया है।

क्र.	परिक्षेत्र का नाम	वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक	वन अपराध में प्रयुक्त वाहन का प्रकार	जप्तशुदा वाहन का विवरण	उपलब्ध जानकारी अनुसार प्रकरण में वाहन के हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता
1	पूर्व सिलवानी	46319/09 दिनांक 25.03.26	डिस्कबर मोटरसाइकिल	पंजीयन क्रमांक MP30MG9319 चेचिस क्रमांक MD2A57AZ3DPH23010	श्री निशांत शर्मा आ. नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम पोस्ट पचेरा तह. महंगाव जिला भिण्ड म.प्र. (वाहन मालिक)
2	पूर्व सिलवानी	46319/13 दिनांक 04.08. 2026	होण्डा साइन मोटरसाइकिल	पंजीयन क्रमांक MP05MJ3110	निरंक
3	पश्चिम सिलवानी	46341/20 दिनांक 11.07.26	होण्डा साइन मोटरसाइकिल	पंजीयन क्रमांक - MP38MA6456 चेचिस क्रमांक- ME4JC365E88038509	श्री शैलेन्द्र यादव आ. घनश्याम सिंह निवासी महावीर कॉलोनी सिलवानी जिला रायसेन म.प्र. (वाहन मालिक)
4	पश्चिम सिलवानी	46341/24 दिनांक 05.08.26	साइन मोटरसाइकिल	पंजीयन क्रमांक MP04QH3125	निरंक
5	पश्चिम सिलवानी	46341/11 दिनांक 06.04.26	टी. व्ही.एस. मोटरसाइकिल	पंजीयन क्रमांक MP04QW3076	निरंक
6	पश्चिम सिलवानी	47356/24 दिनांक 03.01.26	एक कार	पंजीयन क्रमांक MP04CC5571	निरंक

नोटः- वन अपराध प्रकरण के संबंध पेशी दिनांक 13/11/2026 को समय 11:00 सुबह उपवन मण्डल कार्यालय सिलवानी में रखी गयी है। आप उक्त पेशी में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

उप वनमण्डलाधिकारी
उप वनमण्डल सामान्य सिलवानी

जी- 21332/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। रबी सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, घरेलू उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

क्या ट्रंप पर चलेगा महाभियोग

जिस अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाने का सपना देखा था, आज वही अपने ही देश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने की चुनौती से जूझ रहा है। चुनावी झटकों ने रिपब्लिकन पार्टी में असंतोष बढ़ा दिया है और 2026 के मध्यावधि चुनाव के बाद तीसरी बार महाभियोग की आशंका भी गहराने लगी है। पार्टी में बगावत और जनता की नाराजगी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोहरी मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे में उन्हें भारत के साथ व्यापार समझौते में राजनीतिक संजीवनी नजर आ रही है। सवाल है कि क्या भारत के साथ डील ट्रंप की डूबती नैया को सहारा दे पाएगी? क्या अमेरिका से बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने और एच-1बी वीजा पर राहत पाने का यह भारत के लिए सुनहरा अवसर है?

सांप छुछुंदर वाली स्थिति ..! दोहरी आफत में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति..! कुर्सी पर खतरे के बादल ..!, पार्टी में बगावत.. ! पर भारत से उम्मीद की डोर..! ये तो होना ही था ..! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर महाभियोग कि भी संभावना बनती दिख रही है। जिस व्यक्ति ने पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का सपना देखा था, वही आज अपनी ही कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। विश्व के गलियारों में अब एक ही सवाल गूंज रहा है- क्या जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? यह सवाल हवा में नहीं उठा है। इसके पीछे ठोस राजनीतिक कारण हैं। अमेरिका में हुए हाल के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव से लेकर वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर चुनाव तक, डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के उम्मीदवारों को धूल चटा दी है। यह सिर्फ हार नहीं, यह ट्रंप के खिलाफ जनमत संग्रह था। डेमोक्रेट्स के भारतीय मूल के अमेरिकी निथ्या रमन, राजीव पुरी, सब हैदर एवं ज्योति सिंह ने इस मध्यावधि चुनाव मे अभूतपूर्व जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। अमेरिकी जनता ने साफ कह दिया है टैरिफ वॉर, महंगाई और अहंकार की राजनीति अब नहीं चलेगी।



क्या आज ट्रंप पर दोहरी आफत है? क्या कुर्सी जाने का खतरा बरकरार है? क्या पार्टी में फूट की कगार पर भी है? वास्तव में ट्रंप पर इस समय दोहरी आफत है। पहली आफत है- कुर्सी जाने का खतरा। दूसरी आफत है अपनी ही पार्टी में फूट। अमेरिकी संविधान में महाभियोग का प्रावधान है। अगर राष्ट्रपति पर गंभीर अपराध, सत्ता के दुरुपयोग या संविधान के उल्लंघन का आरोप सिद्ध हो जाए, तो प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) महाभियोग चला सकती है और सीनेट उन्हें पद से हटा सकती है। ट्रंप पर यह खतरा पहले भी मंडराया है। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति हैं, जिन पर दो बार महाभियोग चल चुका है। पहली बार 2019 में यूक्रेन मामले में और दूसरी बार 2021 में कैपिटल हिल हिंसा के मामले में। दोनों बार वे सीनेट में बच गए थे, पर अब स्थिति अलग है। अब डेमोक्रेट्स के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने का मौका है। 2026 के मध्यावधि चुनाव में अगर डेमोक्रेट्स ने हाउस पर कब्जा कर लिया, तो ट्रंप पर तीसरी बार महाभियोग चलना लगभग तय माना जा रहा है। आरोपों की सूची लंबी है - टैरिफ के नाम पर कांग्रेस की अनुमति के बिना आर्थिक आपातकाल लगाना, न्याय विभाग का राजनीतिक इस्तेमाल, विदेशी सरकारों पर दबाव बनाना, और अपने व्यापारिक हितों के लिए पद का दुरुपयोग करना। दूसरी आफत पार्टी के अंदर है। रिपब्लिकन पार्टी अब दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़ा है ट्रंप के कट्टर समर्थक, जिन्हें 'मागा' कहा जाता है। दूसरा धड़ा है पारंपरिक रिपब्लिकन, जो अब ट्रंप की शैली से थक चुके हैं। कई रिपब्लिकन सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि ट्रंप की वजह से पार्टी चुनाव हार रही है। वे ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया है कि ट्रंप को अब राष्ट्रपति पद से हटकर पार्टी को नए नेतृत्व को सौंप देना चाहिए। यह फूट ट्रंप के लिए सबसे खतरनाक है। जब अपना घर ही टूटने लगे, तो बाहर की लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी? ट्रंप इस फूट को रोकने के लिए अपने विरोधियों को धमका रहे हैं, उन्हें पार्टी से निकालने की धमकी दे रहे हैं, पर इससे फूट और बढ़ रही है। अस्तित्व की रक्षा में क्या अमेरिका भारत से व्यापार समझौता कर सकता है? इसी अस्तित्व रक्षा के संकट में ट्रंप को भारत याद आ रहा है। राजनीति का एक पुराना नियम है जब घर में संकट हो, तो बाहर एक बड़ी जीत दिखाओ। ट्रंप भी यही करना चाहते हैं। अस्तित्व की रक्षा में ट्रंप भारत से व्यापार समझौते को प्राथमिकता देना आरंभ कर चुके हैं। पहले वे भारत पर दबाव बना रहे थे। 50% टैरिफ की धमकी दे रहे थे। पर अब वे नरम पड़ रहे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें एक बड़ी कूटनीतिक जीत चाहिए, जिसे वे अमेरिकी जनता और अपनी पार्टी के बागियों को दिखा सकें। भारत के साथ एक सार्थक व्यापार समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा संभव दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। भारत ने अमेरिका को कई क्षेत्रों में रियायत देने का संकेत दिया है, तो अमेरिका ने भी टैरिफ घटाने की बात कही है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो ट्रंप कह सकेंगे - देखो, मैंने दुनिया के सबसे बड़े बाजार को अमेरिका के लिए खोल दिया। इससे अमेरिकी किसानों, टेक कंपनियों और निर्माताओं को फायदा होगा। यह समझौता ट्रंप के लिए सिर्फ व्यापार नहीं, यह उनकी राजनीतिक संजीवनी है। वे इसे महाभियोग के खतरे से बचने के लिए एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। क्या एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है? इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है। एच-1बी वीजा का मुद्दा भारतीयों के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है। पिछले वर्षों में ट्रंप ने एच-1बी को सख्त किया था। फीस बढ़ा दी, नियम कड़े कर दिए। लेकिन अब अमेरिकी टेक कंपनियां ट्रंप पर दबाव डाल रही हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन - सब कह रहे हैं कि हमें भारतीय टैलेंट चाहिए। एआई की दौड़ में अमेरिका चीन से पीछे नहीं रहना चाहता, और इसके लिए उसे भारतीय इंजीनियर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि व्यापार समझौते के साथ एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है। वीजा कोटा बढ़ सकता है, फीस में राहत मिल सकती है, ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इससे भारतीय पेशेवरों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। यह राहत पूरी नहीं होगी, पर कम से कम एक स्थिरता आएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में गायब हो गई थी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? कानूनी रूप से यह संभव है, पर राजनीतिक रूप से कठिन है। निष्कर्षः में एस कहा जा सकता है कि भारत की भूमिका निर्णायक है। जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप आज अपने ही घर में घिरे हैं। उनकी कुर्सी पर संकट है, पार्टी में फूट है, जनता में नाराजगी है। ऐसे में भारत उनके लिए एक अवसर भी है और एक परीक्षा भी।भारत को इस मौके का लाभ उठाना चाहिए, पर सावधानी के साथ। भारत को व्यापार समझौता करना चाहिए, पर अपने किसानों की कीमत पर नहीं। भारत को एच-1बी में लाभ लेना चाहिए, पर अपनी संप्रभुता से समझौता किए बिना। ट्रंप का भविष्य अब काफी हद तक भारत से जुड़ गया है। अगर भारत से डील हो गई, तो ट्रंप को महाभियोग से बचने का एक मजबूत हथियार मिल जाएगा। अगर डील टूट गई, तो ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति घर में कमजोर हुआ है, उसने विदेश में जीत तलाशी है। ट्रंप भी वही कर रहे हैं। अब देखना है कि क्या भारत ट्रंप की नैया का पतवार बनेगा, या फिर ट्रंप का महाभियोग का सामना करना पड़ेगा?

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा



विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलती का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएंगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित नागरिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है। आखिरकार, लोकतंत्र की मजबूती इस बात से तय नहीं होती कि कितनी बार सड़कें जाम हुईं या कितने नारे लगाए गए। उसकी वास्तविक मजबूती इस बात में है कि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, सरकार जवाबदेह हो, कानून निष्पक्ष रूप से लागू हो और संस्थाएं गलतियों को सुधारने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें। विरोध हमारा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा जिम्मेदारी। बदलाव की मांग करें, लेकिन तथ्यों के साथ, तर्क के साथ और कानून के दायरे में रहकर।

(लेखिका पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में लॉ डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दर्शन

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

प्रेरणा

मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

सटाका



आज की पाती

सांसदों की पेंशन खत्म हो

श्रीलंका ने 17 फरवरी 2026 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक ऐसा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पदों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। श्रीलंका की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। श्रीलंका के इस फैसले के बाद भारत में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने एक्स पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक विशेषाधिकारों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- मंयक कौशिक, रोहतक

ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी क्षमताएं और तरीके विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का समय न मिले। साथ ही, हमें दुश्मन की किसी भी आप्रत्याशित कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और इंशाल्लाह पूर्व ही रहेंगे। गोली लगने का दर्द आज भी चंद्रशेखर आजाद की कमर में रहता है। कांच के महलों में रहने वालों को पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि चंद्रशेखर का परिवार किन मुश्किलों से गुजरा है, क्योंकि वे विरासत की राजनीति करते हैं। -असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं चुनावी राजनीति से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; वरना किसी दूसरी पार्टी को वोट दें। जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्रवाद के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय किसानों हितों के बारे में जरूरी सोचें। -राकेश टिकैत, किसान नेता

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता विलियम्स बनीं 'ग्रैंड मार्शल'



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है। इस अवसर पर उपस्थित न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर जोहरान ममदानी सहित अन्य लोगों को संबोधित करते हुए विलियम्स ने कहा कि 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में शामिल होना उनके लिए ''बेहद सम्मान की बात'' है। उन्होंने कहा, ''जब मैं सेना में शामिल हुई थी तो मैंने एक पल के लिए भी नहीं सोचा था कि मैं कभी पूर्व सैनिक बनूंगी... उस समय आप युवा होते हैं और सोचते हैं कि अपना जीवन कैसे बिताएंगे।

ऑफ बीट

बायोमार्कर कैसे करते हैं सेहत का आकलन



मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाला एक परिवार फ्लू के वायरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं। हालांकि 'बायोमार्कर' की मदद से भविष्य में ऐसा संभव हो सकता है। बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी कोई भी चीज है, जिसे मापा जा सकता है और जिससे डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की मौजूदा या भविष्य की सेहत के बारे में जानकारी मिलती है। बायोमार्कर कई तरह के होते हैं और आधुनिक चिकित्सा में इनकी अहम भूमिका है। इनसे यह समझने में मदद मिलती है कि मानव शरीर के अंदर क्या हो रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

तीन रेलखंडों में अब तेज दौड़ेंगी ट्रेनें, 10 किमी की रफ्तार सीमा हटी

भोपाल। भोपाल मंडल में रेल परिचालन को तेज करने के लिए तीन रेलखंडों में स्थाई गति प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। इससे इन मार्गों पर ट्रेनों की अधिकतम गति बढ़ जाएगी और परिचालन में लगने वाला समय भी कम हो सकेगा। पश्चिम मध्य रेल ने तकनीकी और इंजीनियरिंग सुधारों के बाद यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया है। संशोधित आदेश के अनुसार, करोद-आगासोद रेलखंड की डाउन लाइन पर किलोमीटर 984/17 से 984/19 के बीच पहले लागू 10 किमी प्रति घंटे का प्रतिबंध हटाकर अधिकतम गति 90 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। बीना-महादेवखेड़ी रेलखंड की डाउन लाइन पर किलोमीटर 975.400 से 975.700 के बीच 10 किमी प्रति घंटे का प्रतिबंध हटाकर गति सीमा 110 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। बीना-कुरवाई केथोरा रेलखंड की अप लाइन पर ट्रेनों की अधिकतम गति 120 से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। इससे तीनों ट्रेनों का परिचालन अधिक सुगम होगा। डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में मंडल रेल परिचालन की गति, संरक्षा और समयपालन बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

नेपाली समाज भारत संगठन के देउसी भैलो कार्यक्रम आयोजित

भोपाल। राजधानी में नेपाली समाज भारत संगठन की तरफ से देउसी भैलो कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तुलसी नगर स्थित नार्मदीय भवन में संपन्न हुआ। इसमें शहर में रहने वाले सैकड़ो नेपाली समाज के महिला पुरुषों की भागीदारी रही। इस दौरान बाल कलाकारों की तरफ से भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नेपाली संस्कृति के तहत दीपावली पर्व के दौरान आयोजित होने वाले देउसी भैलो कार्यक्रम का संजीव प्रस्तुतीकरण किया गया।

शुभांक

कल्याणः	3-8-1-6		
दिनः	350	81	489
रातः	---	--	---
ताराः			
दिनः	579	11	245
रातः	129	2	

गांधी नगर की एयरो सिटी में चोरी का प्रयास, संदिग्ध घूमते दिखाई दिया

बंगले में घुसे चोर, सुरक्षा अलार्म बजने से उल्टे पैर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र की एयरो सिटी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोर एक बंगले में घुस गए। बंगले में घुसते ही सुरक्षा अलार्म बजा तो चोर उल्टे पैर भाग निकले।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुरक्षा अलार्म बजने से आसपास रहने वालों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इधर, हबीबगंज थाना क्षेत्र के 1100 क्वार्टर में बदमाश घर का ताला तोड़कर लैपटॉप और 10 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांधी नगर थाना क्षेत्र की एयरो सिटी के सेक्टर-डी स्थित बंगला नंबर डी-111 में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब दो बजे चोर घुसे थे। वायरल सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध बंगले के आसपास घूमता और घर में घुसने की कोशिश करता नजर आ रहा है। इसी दौरान मकान में लगा सुरक्षा अलार्म बजने लगा। अलार्म की आवाज सुनते ही वह मौके से भाग निकला। पॉश कॉलोनी में हुई इस घटना ने रहवासियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। गांधी नगर थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि विला में चोर घुसे थे, लेकिन अलार्म बजने के कारण चोरी करने में सफल नहीं हो सके। फिलहाल फरियादी की ओर से थाने में लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल



1100 क्वार्टर में ताला तोड़ लैपटॉप, नकदी ले गए चोर

इधर, हबीबगंज थाना क्षेत्र के 1100 क्वार्टर में बदमाशों ने एक मकान को निशाना बनाया। फरियादी सुधांशु राय ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने घर में रखा लैपटॉप और 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। घटना का पता चलने पर फरियादी ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और आसपास के संदिग्धों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

निराकरण के अधिकारियों को दिए निर्देश

मंत्री वर्मा और पटेल ने सुनी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं

भोपाल। मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा एवं मंत्रीनरेंद्र शिवाजी पटेल ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

मंत्री करण सिंह वर्मा एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

दिवाली की रात किया था जानलेवा हमला, इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

डेढ़ हजार रुपए की उधारी वसूलने रॉड मारकर ऑटो चालक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी, आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित पानी की टंकी के पास संजय नगर में ऑटो चालक की बदमाश ने रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या की वजह महज डेढ़ हजार रुपए की बात सामने आई है। दरअसल, आटो चालक ने आरोपी से दो हजार रुपए उधार लिए थे। जिसमें पांच सौ रुपए वह लौटा चुका था। डेढ़ हजार रुपए उधारी के नहीं मिलने के कारण आरोपी ऑटो चालक के घर पहुंचा। वहां दोनों में विवाद होने के बाद आरोपी ने रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण ऑटो चालक की तीन दिन चले इलाज के बाद मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार राजेश यादव पिता सत्यनारायण (38) पानी की टंकी के पास संजय नगर, शाहजहांनाबाद में रहता था और सीएनजी ऑटो चलाता था। उसकी पत्नी की आठ साल पहले जलने से मौत हो चुकी है। परिवार में दो बच्चे हैं। दीवाली की रात बच्चे पास ही रहने वाली नानी के घर गए थे। घर में राजेश अकेला था। उसके घर से कुछ ही दूरी पर भाई रहता है। राजेश ने अमीन उर्फ शोएब से दो हजार रुपए उधार लिए थे। जिसमें पांच सौ रुपए राजेश अमीन को लौटा चुका था। डेढ़ हजार रुपए उसे राजेश को लौटाने थे।

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित पानी की टंकी के पास दिवाली के एक दिन बाद वारदात



28 हजार रुपए में गिरवी रखी मोपेड की बात पर विवाद, दोस्त ने चाकू से किया जानलेवा हमला

हनुमानगंज थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हुए युवक को इलाज के लिए अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

■ बिना रुपए दिए आरोपी मोपेड लेकर चला गया था

पुलिस के अनुसार दुलीचंद का बाग निवासी समीर खान रेलवे पार्सल ऑफिस में काम करता है। कुछ समय पहले उसके दोस्त अभय अहिरवार ने अपनी मोपेड 28 हजार रुपए में समीर के पास गिरवी रखी थी। बाद में अभय अपनी मोपेड वापस ले गया, लेकिन गिरवी की रकम नहीं लौटा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार रात अभय अपने कुछ साथियों के साथ समीर से मिलने पहुंचा। यहां रकम के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि अभय ने समीर के पेट में चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल समीर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अभय अहिरवार की तलाश की जा रही है।

देर रात आरोपी पहुंचा था पैसे वसूलने घर

अमीन उर्फ शोएब पुताई का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि राजेश उसे डेढ़ हजार रुपए नहीं लौटा रहा था। उसे लगा कि दीवाली में राजेश के पास पैसे आए होंगे। लिहाजा अमीन अपने रुपए वसूलने के इरादे से राजेश के घर देर रात पहुंचा। उसने राजेश से अपने रुपए मांगे। इस पर राजेश और उसके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अमीन ने रॉड से हमला कर दिया। पड़ोस में रहने वाले भाई और भतीजे को घटना की जानकारी मिली और वह राजेश के घर पहुंचे थे। इसके बाद राजेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह राजेश की मौत हो गई।

हत्या का मामला दर्ज

पुलिस ने उक्त मामले में अमीन उर्फ शोएब पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। गुरुवार को राजेश की मौत होने के बाद पुलिस ने अमीन पर हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

पटाखे जलाने के विवाद में युवक की हत्या फरार छह आरोपियों पर 10 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमगंज में दीवाली की रात पटाखे जलाने की बात को लेकर हुए विवाद में अनिकेत खटीक की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

मामले में पुलिस को छह अन्य आरोपियों की तलाश है। लगातार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देने के बाद भी उनका सुराग नहीं लग सका है। लिहाजा पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद कराने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार दीवाली की रात इब्राहिमगंज में पटाखे फोड़ने के दौरान नाली और कीचड़ के छींटे उछलकर घर की ओर चले जाने पर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद मारपीट और चाकूबाजी तक पहुंच गया। इस दौरान अनिकेत खटीक और उसकी मां सुनीता पर हमला किया गया था। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए थे।

बाद में अनिकेत की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि मां को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में इब्राहिमगंज निवासी आदित्य रैकवार उर्फ आदि (19) और प्रेम वस्कार (18) को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने वारदात में शामिल होना स्वीकार किया था। वहीं, मामले में छह अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। इनमें अंकित और राघव समेत अन्य शामिल हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी आयुष गुप्ता ने एसीपी अरविंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में एसआईटी गठित की है। पुलिस ने आरोपियों की सूचना देने और गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

एसआईटी की टीमें आरोपियों के परिचितों और संभावित ठिकानों पर नजर रखकर उनकी तलाश में जुटी हैं।

आयुष कॉलेजों की रिक्त सीटों पर स्ट्रे वैकेंसी सेकंड राउंड 16 से होगा शुरू

भोपाल। मध्यप्रदेश संचालनालय आयुष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएएमएस, बीएचएमएस एवं बीयूएमएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु स्ट्रे वैकेंसी राउंड सेकंड (स्टेट कोटा) का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिय ने कहा कि अभ्यर्थी 15 से 16 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। दस्तावेज सत्यापन 16 से 17, मेरिट सूची एवं रिक्त सीटों का प्रकाशन 19 तथा चॉइस फिलिंग 20 से 21 नवंबर तक होगी। मेरिट सूची 25 नवंबर को जारी होगी।

नशे में हंगामा कर रहे युवक को परिजन ने बांधा, लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म झुग्गी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शराब के नशे में सुबह से ही गदर कर रहा था। हंगामा बढ़ता देख जवान बेटे और पत्नी ने उसे रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया और घर के बाहर बैठ गए।

कुछ देर बाद कमरे के अंदर से आवाज आना बंद हो गई। परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फांसी लगा चुका था। किसी तरह फंदे से उतारकर परिजन उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सोनू वंशकार पिता श्रवण वंशकार (40) सर्वधर्म झुग्गी, कोलार में रहता था। वह साफ सफाई का काम करता था। परिजन ने बताया कि सोनू शराब पीने का आदी था। करीब एक सप्ताह से कुछ ज्यादा ही शराब पी रहा था। गुरुवार सुबह सात बजे से उसने शराब पी ली और हंगामा कर रहा था। हंगामा देख 19 साल के बेटे और पत्नी ने उसे पकड़कर कमरे में बांध दिया और झुग्गी के बाहर बैठ गए। कुछ देर बाद आवाज आना बंद हो गई। परिजन ने कमरा खोला तो पता चला कि उसने फांसी लगा ली है।

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गजों की राजाभोज एयरपोर्ट पर अगवानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय का राजभोज एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी ने स्वागत किया।

सात विद्यार्थियों ने दुबई सिंधी नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर















नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सात विद्यार्थियों ने सिंधी संगत, दुबई द्वारा आयोजित 10वीं अंतरराष्ट्रीय सिंधी नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता 2026 में विजेता बनकर विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के इन विद्यार्थियों ने शुद्ध सिंधी उच्चारण, मधुर स्वर, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के सातों विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी प्रतिभा एवं परिश्रम के साथ-साथ विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भाषायी दक्षता तथा सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

इस संदर्भ में विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाता, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों में प्रियांशी लच्छवानी, भाव्या दादलानी, दित्या चंदानी, रिद्धि गोकलानी, रिदम दादलानी, नायरा खुशालानी व कनिष्का गुलानी शामिल है। इस उपलब्धि के लिए सभी सातों विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक-एक टैबलेट प्रदान किया जाएगा।

पीड़िता की मां ने पुलिस थाने में दर्ज कराई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंदबुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी को 10 वर्ष का कारावास, 1 हजार रुपए का जुर्माना

मंदबुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त संजय रजक उर्फ संजू पुत्र कन्हैयालाल आयु-26 वर्ष निवासी ओल्ड डेयरी फार्म कर्नल बंगला के पास बैरागढ़ जिला भोपाल मप्र को तेरहवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने भादंसं की धारा- 376(2) (एल) एवं धारा-5011 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार अभियुक्त संजय रजक उर्फ संजू ने 6 मई 2022 को दोपहर 1:30 बजे ओल्ड डेयरी फार्म कर्नल बंगला के पास बैरागढ़ जिला भोपाल में 18 वर्षीय मंदबुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया था। घटना के 2 दिवस के पश्चात पीड़िता की माता ने थाना बैरागढ़ जिला भोपाल में अभियुक्त के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई थी। थाना बैरागढ़ जिला भोपाल ने पीड़िता की माता की रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरूद्ध भादंसं की धारा- 376(2)(एल) एवं धारा-5011 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के पश्चात मेडिकल रिपोर्ट अन्य दस्तावेज तथा फरियादिया के परिजनों, चिकित्सकों और पुलिस कर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची सहित अभियोग पत्र जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया था।



किराए का मकान दिखाने के नाम पर प्रॉपर्टी ब्रोकर ने होटल में किया महिला से दुष्कर्म

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित बायपास की होटल में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्रॉपर्टी डीलर महिला को किराए का मकान दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। वह उसे लेकर होटल में पहुंचा और उससे शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने अपने साथियों के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। किसी तरह महिला होटल के कमरे से निकलकर पुलिस थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 45 साल की महिला अपने पति से अलग रहती हैं और केयर टेकर का काम करती है। उसे किराए के मकान की तलाश थी। मकान के सिलसिले में उसकी गौतम तिवारी (32) साल से बातचीत होती थी। बुधवार को गौतम तिवारी को महिला के पास कॉल आया। उसने कहा कि तुम्हारे लिए किराए का मकान देखा है तुम भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंच जाओ। महिला भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची तो आरोपी गौतम तिवारी उसे कैब से लेकर परवलिया सड़क स्थित बायपास पर ले गया। वह कहने लगा कि चलो रेस्टोरेंट में थोड़ा आराम कर लेते हैं। इसके बाद मकान दिखा दूंगा। आरोपी ने महिला से उसका आधार कार्ड लिया और होटल में कमरा बुक कर लिया। कमरे में आरोपी ने महिला से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने उसे जाने का कहा तो वह कहने लगा कि नहीं मेरे दोस्तों के साथ भी तुम्हे शारीरिक संबंध बनाने पड़ेंगे। यह सुनते ही महिला किसी तरह होटल से निकलकर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने आरोपी गौतम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है।

गोद भराई महोत्सव का हुआ आयोजन

त्याग, तप और संयम की अनुमोदना के साथ बैरसिया में निकली भव्य बिनोली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

नगर में गुरुवार को ब्रह्मचारी विशाल भैया (छोटू भैया) एवं साथी दीक्षार्थी भैयाओं के मंगलमय संयम पथ के उपलक्ष्य में भव्य बिनोली शोभायात्रा एवं गोद भराई महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे नगर में दिनभर धर्ममय वातावरण बना रहा।

बिनोली शोभायात्रा श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय, चौपड़ बाजार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महावीर पैलेस (व्हाइट हाउस) पहुंची। शोभायात्रा में जैन समाज के महिला-पुरुषों सहित नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जगह-जगह दीक्षार्थी भैयाओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उनके त्याग, तप और वैराग्य की अनुमोदना की।



'एक शाम छोटू भैया के नाम' संगीतमय भजन संध्या आयोजित

शाम 6 बजे से 'एक शाम छोटू भैया के नाम' संगीतमय भजन संध्या आयोजित हुई। भजन संध्या में प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इसी अवसर पर भव्य गोद भराई महोत्सव भी संपन्न हुआ, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर दीक्षार्थियों के संयम और वैराग्य के मार्ग की अनुमोदना की। उल्लेखनीय है कि बैरसिया के गौरव ब्रह्मचारी विशाल भैया का 16 दिसंबर को जयपुर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में मुनि दीक्षा का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

मेले से लौटे परिजन घर में लटकी मिली युवक की लाश

भोपाल। गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव रतुआ रतनपुर में युवक की लाश घर के कमरे में लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ल ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार कमल नाथ पिता नारायण नाथ ने पुलिस को बताया कि वह रतुआ रतनपुर में रहता है। उसका भाई फूलसिंह नाथ (26) भी हाली का काम करता था। कमल अपने माता पिता के साथ बुधवार शाम को बरखेड़ी देव मेला गया था। वहां से गुरुवार सुबह घर लौटा। इस दौरान भाई फूलसिंह का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। कमल नाथ ने पुलिस को सूचना दी।

औबेदुल्लागंज वासियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

स्व. द्वारकादास अरोरा पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



स्वर्गीय द्वारकादास अरोरा का गुरुवार करीब दोपहर 12 बजे औबेदुल्लागंज मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। 60 साल पुराने उनके प्रिय साथी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय द्वारकादास अरोरा को श्रद्धांजलि दी। द्वारकादास के पुत्र अर्जुन अरोरा, अनिल अरोरा, सुनील अरोड़ा, प्रदीप अरोड़ा एवं गोपाल अरोड़ा ने मिलकर दाह संस्कार किया।

इस अवसर पर मुक्तिधाम पर शोक सभा हुई। राजेंद्र अग्रवाल, रमेश तुतलानी, वेद प्रकाश अरोरा, हरीश भाई सराफा साक्षी वाणी, केसव पचौरी, गोपाला पचौरी, सुरजीत सिंह गिल, शिवराज सिंह शम्मी, ज्ञान स्वरूप शर्मा, अशोक शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, कृष्ण गोपाल पाठक, जेपी शर्मा, अंसार भाई गौहरगंज पंकज कोठारी, आमिर ममनून, मुख्तार हसन एमएल यादव एसडीओपी भोपाल नीरज चावला, बहावलपुरी समाज अध्यक्ष बल्लू अरोड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी पार्षद दीपू परमार नरेश सेठी विवेक मित्तल त्रिलोचन सिंह कैलाश डब्बू नागर आशीष दीक्षित बागीश अग्रवाल दिनेश सेन राजू भाई पटेल सर्वेश गौर सिद्धार्थ मित्तल रतन मेघानी सुधीर कमल पत्रकार ऋषभ जैन भारत निहाल बंटी जोशी दिनेश दांडगे विजय जैन तिलक जैन अमित राय राजेंद्र गुड्डू साहू माधव यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी।

गिद्दा में दिखा पर्व का उल्लास, लोक गीतों में झलकी श्रीराम की छवियां

हिंदी भवन में दीपोत्सव पर्व के अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गीत-संगीत की सुरीली लहरियों और नृत्यों पर गुरुवार शाम हिन्दी भवन परिसर थिरक रहा था। अवसर था मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के वार्षिक समारोह 'दीपोत्सव' का। समारोह में प्रदेश की विभिन्न बोलियों के लोकगीतों के साथ ही लोक और शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां भी हुई। प्रस्तुतियों की शुरूआत माधवसिंह राजपूत तथा साथियों द्वारा प्रस्तुत निमाड़ी गीतों से हुआ। इसमें उन्होंने निमाड़ की संस्कृति और पर्व के उल्लास का चित्रण किया। अगले क्रम में आरती शाक्य ने अपने दल के साथ बुंदेली गीतों की प्रस्तुति दी।



श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन.... को कथक में पिरोया

माण्डवी सिंह ने भोजपुरी गीतों में दीपावली के बाद माता सीता द्वारा छठ पूजा का चित्र प्रस्तुत किया। मालवी लोक कलाकार शशि शर्मा ने भी मालवी गीतों में भगवान श्रीराम के अयोध्या वापसी का चित्रण इस तरह किया लंका विजय करी न आया राम,बधावा बाजे मेलण का...। माण्डवी मिश्रा ने बघेली गीत प्रस्तुत किये। कथक कलाकार शिवानी श्रीवास्तव ने भगवान श्रीराम की स्तुति श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन.... को कथक में पिरोकर प्रस्तुत किया।



आज सजेगी खुशियों और उल्लास की शाम

भोपाल। दीपावली के उल्लास और आपसी मेल-मिलाप को खास बनाने के लिए बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब और वीमेन एजुकेशन एंड एम्पावरमेंट सोसायटी की ओर से 13 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह 'अनुभूति' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम वन विहार रोड स्थित सफल रिट्रीट में शाम 4:30 बजे से होगा।

खबर संक्षेप

पिता नाट्य समारोह में दिखेगा रंगमंच का अनूठा प्रयोग

भोपाल। रंगमंच प्रेमियों के लिए शहर में द्वितीय 'पिता नाट्य समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। द अघोरा सोसाइटी फॉर आर्ट, कल्चर एंड सोशल वेलफेयर की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय नाट्य समारोह में एक ही कहानी को दो अलग-अलग नाट्य शैलियों में प्रस्तुत किया जाएगा। कहानीकार मिथिलेश्वर की मूल कहानी पर आधारित दोनों नाटक अपनी अलग-अलग रंगमंचीय अभिव्यक्ति के माध्यम से दर्शकों के सामने कहानी के नए आयाम प्रस्तुत करेंगे। समारोह के तहत 13 नवंबर को शाम 7 बजे अध्ययन भवन में नाटक 'बंद रास्तों के बीच' का मंचन होगा। निर्देशन स्कंद मिश्रा ने किया है और प्रस्तुति अर्थ कल्चरल एंड थिएटर सोसाइटी की होगी। वहीं, 14 नवंबर को इसी कहानी की दूसरी प्रस्तुति 'सड़क के उस पार से' मंचित की जाएगी। इसका निर्देशन कशफ खान ने किया है और प्रस्तुति एम.पी.एस.डी. थिएटर लैब की होगी।

- एक ही कहानी होगी दो नाट्य शैलियों में प्रस्तुत

'संतुलित, तनावमुक्त एवं सफल जीवन की ओर' पर व्याख्यान 19 को



भोपाल। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल के आयुष विभाग एवं शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) विभाग द्वारा योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन 19 नवंबर को किया जा रहा है। इस प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का विषय "संतुलित, तनावमुक्त एवं सफल जीवन की ओर" निर्धारित किया गया है। यह व्याख्यान योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ संन्यासी, स्वामी अच्युतानंद गिरि द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 20 से 22 नवंबर तक दत्ता मंदिर, ई-4, अरेरा कॉलोनी में एक विशेष त्रिदिवसीय 'साधना शिविर' का आयोजन भी किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में विशेष रूप से 'क्रियायोग दीक्षा' भी प्रदान की जाएगी, जिससे साधकों को उच्च कोटि की ध्यान तकनीकों में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

भारी भोजन और मिठाइयों के बाद शरीर को दें पौष्टिक आहार

त्योहारों की दावत के बाद अब सेहत की बारी, खानपान में करें बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली की दावतों के बाद कई लोग पेट में भारीपन, एसिडिटी, सुस्ती और वजन बढ़ने जैसी परेशानियां महसूस कर रहे, डाइटीशियन ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

त्योहारों के दौरान मिठाइयों, नमकीन और तरह-तरह के पकवानों का स्वाद लेने के बाद अब शरीर को सामान्य दिनचर्या में लौटाने का समय है। दिवाली की दावतों के बाद कई लोग पेट में भारीपन, एसिडिटी, सुस्ती और वजन बढ़ने जैसी परेशानियां महसूस कर रहे हैं। ऐसे में अब खानपान को लेकर सजगता बढ़ने लगी है। लोग एक बार फिर हल्के भोजन, पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम की ओर रुख कर रहे हैं। डाइटीशियंस का कहना है कि त्योहार के बाद शरीर को किसी कठोर डिटॉक्स या भूखे रहने की जरूरत नहीं है, बल्कि संतुलित भोजन और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है।



कुछ दिन हल्के भोजन को दें प्राथमिकता

डाइटीशियन डॉ. रश्मि श्रीवास्तव के अनुसार, त्योहारों में लगातार तला-भुना और भारी भोजन करने से पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में कुछ दिनों तक सुपाच्य और हल्का भोजन लेना बेहतर रहता है। डाइट में अंकुरित अनाज, वेजिटेबल सूप, मौसमी सब्जियां और घर का बना ताजा भोजन शामिल करें। अतिरिक्त शक्कर और मिठाइयों का सेवन सीमित रखें। नींबू-पुदीना, जीरा या अजवाइन का पानी भी सामान्य दिनचर्या में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ रोजाना वॉक और हल्का व्यायाम शरीर को सक्रिय रखने में मदद करता है।



पानी और प्राकृतिक पेय से रखें हाइड्रेटेड

डाइटीशियन डॉ. दीपिका चौधरी बताती हैं कि त्योहारों के दौरान अधिक स्नैक्स और मिठाइयों का सेवन करने से एसिडिटी और पेट संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनाए रखना जरूरी है। दिनभर नियमित अंतराल पर पानी पीएं। सादा या गुनगुना पानी, नारियल पानी और घर पर बने ताजे पेय अच्छे विकल्प हो सकते हैं। सौंफ और अजवाइन का पानी भी अपनी दिनचर्या में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा डांसिंग, साइकिलिंग, योग और वॉक जैसी गतिविधियों को अपनाकर शारीरिक सक्रियता बनाए रखें।



वॉक और नियमित दिनचर्या से लौटेगी फुर्ती

सिर्फ खानपान में बदलाव करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शरीर को सक्रिय रखना भी जरूरी है। रोजाना अपनी क्षमता के अनुसार टहलने की आदत डालें। पर्याप्त नींद लें और भोजन का समय नियमित रखें। संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और शारीरिक गतिविधियों का मेल शरीर को फिर से चुस्त-दुरुस्त बनाने में मदद करता है।

फाइबरयुक्त आहार से सुधरेगा पाचन

त्योहार के बाद खानपान में फाइबर की मात्रा बढ़ाना भी जरूरी है। खीरा, गाजर, मौसमी फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और अंकुरित अनाज इसके अच्छे स्रोत हैं। डाइटीशियंस के अनुसार, फाइबर पाचन तंत्र को सुचारु रखने में मदद करता है। इससे पेट लंबे समय तक भरा महसूस होता है और बार-बार कुछ खाने की इच्छा भी नियंत्रित हो सकती है। भोजन में सलाद और सब्जियों की पर्याप्त मात्रा रखें तथा एक ही तरह के भोजन के बजाय विविधता अपनाएं।

डिज्नी से हॉलीवुड तक, आवाज के जरिए बनाई अंतरराष्ट्रीय पहचान...

हरिभूमि चर्चा

एक्टर विशाल मल्होत्रा ने हरिभूमि से साझा किए जिंदगी और करियर के दिलचस्प किस्से, बोले- सफलता ने जमीन से जुड़े रहना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेरा शुरुआती जुड़ाव डिज्नी के साथ रहा, जहां मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने का अनुभव मिला। बाद में मुझे 'पायरेट्स ऑफ द कैरेबियन', 'टॉय स्टोरी' और 'बग्स लाइफ' जैसी चर्चित फिल्मों में भी अपनी आवाज दी। जॉनी डेप और जॉन क्यूजैक जैसे बड़े कलाकारों के किरदारों के लिए डबिंग करना मेरे लिए गर्व का बात रही। इस तरह से इंटरनेशनल लेवल पर मेरी प्रतिभा को मानना मेरे लिए एक खास उपलब्धि रही है.... हॉलीवुड फिल्मों में डबिंग को लेकर यह बात कही जाने माने कलाकार विशाल मल्होत्रा ने, जो गुरुवार को भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए।



कॉलेज बंक के दौरान मिला था 'इश्क-विश्क' का ऑफर

विशाल ने अपनी पहली रिलीज हुई फिल्म 'इश्क-विश्क..' से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि एक दिन मैं अपने दोस्त के साथ कॉलेज बंक करके बैठे था, तभी एक लड़की मेरे पास आई और बोली कि उनका चेहरा उनके चैनल के लिए उपयुक्त है, क्या वे ऑडिशन देना चाहेंगे? विशाल ने बिना झिझक हामी भर दी। उस समय उन्हें ऑडिशन देना भी नहीं आता था। इस तरह एक अनायास मुलाकात ने उनके लिए मनोरंजन जगत के दरवाजे खोल दिए। और फिर ऐसे ही इश्क विश्क का ऑफर मिला और उन्होंने हामी भर दी।

आज भी यादों में जिंदा है मेरा अपना शहर भोपाल

उन्होंने कहा कि जिंदगी के शुरुआती पांच-छह साल मैंने अपनी दादी और दादाजी के साथ श्यामला हिल्स में बिताए। भोपाल पहुंचने पर मैं एयरपोर्ट से सीधे होटल जाने के बजाय अपनी पुरानी यादों से जुड़ी श्यामला हिल्स की गलियों से होकर गुजरा।

'जन्नत' फिल्म ने दिया इमरान जैसा दोस्त

अभिनेता विशाल ने कहा कि मेरी फिल्म 'जन्नत' सिर्फ एक सुपरहिट फिल्म नहीं रही, बल्कि इसने मुझे एक खास दोस्त इमरान हाशमी भी दिया जो आज भी मेरे बेहद करीबी दोस्तों में हैं। हाल ही में मेरी मुलाकात भी उनसे हुई।

एक चम्मच घी में बने खाने से रहता हूं फिट

अपनी फिटनेस का राज बताते हुए विशाल ने हंसते हुए कहा 'बीवी की मार'। उन्होंने कहा कि काम के सिलसिले में मुझे काफी यात्राएं करनी पड़ती हैं, पूरे दिन में एक चम्मच घी में बना खाना खाता हूं और शुगर से पूरी तरह परहेज करता हूं।

लगातार 24 घंटे तक गाए जाएंगे भजन

132 देशों के साथ राजधानी भोपाल में भी गूंजेंगे 14 से सत्य साई के अखंड भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीमद भागवतम के अंतिम श्लोक का अर्थ है कि हम उन हरि को प्रणाम करते हैं जिनके नाम के सामूहिक संकीर्तन से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और सभी प्रकार के दुःख दूर हो जाते हैं। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना के लिए श्री सत्य साई ग्लोबल अखंड भजन 14 नवम्बर (शनिवार) को सायं 6 बजे से 15 नवम्बर (रविवार) को सायं 6 बजे तक आयोजित होने जा रहे हैं। यह भजन पूरे भारत देश एवं विश्व के 132 देशों के साई सेंटर में एक साथ एक समय आयोजित किए जाते हैं। यह वर्ष प्रिय भगवान बाबा के अवतरण का शताब्दी समापन वर्ष है । हम सभी को उनके प्रेम की अविरल धारा में बहने के लिए इन भजनों का रसपान करना है। स्वामी के भजनों से उत्पन्न आनन्द शब्दो में बांधा नही जा सकता उसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है।



सत्य साईं संगठन भोपाल के जिला अध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल में यह भजन तुलसी नगर स्थित सत्य साईं बाबा के शांतिवन में आयोजित होंगे जो कि शनिवार दिनांक 14 नवंबर की शाम 6 बजे शुरू होकर अगले दिन रविवार को शाम 6 बजे समाप्त होंगे। यहां पर भोपाल की दोनों समितियों (शांतिवन एवं पिपलानी)के साईं भक्त मिलकर साईं के भजनों का गान करेंगे। यह भजन पूरे 24 घंटे अनवरत रूप से चलेंगे ।



देश-विदेश से पहुंचे सहपाठी, पुराने शिक्षकों का किया सम्मान

कैंपियन स्कूल में 20 साल बाद फिर सजी दोस्तों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैंपियन स्कूल के वर्ष 2006 बैच के पूर्व विद्यार्थियों ने स्कूल जीवन के 20 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय परिसर में यादगार पुनर्मिलन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर देश-विदेश में रह रहे सहपाठी पुरानी यादें ताजा करने के लिए एक बार फिर स्कूल पहुंचे। समारोह में उस दौर के प्राचार्य अमृत लाल टोप्पो सहित शिक्षक ओझा सर, झोंसी सर और भांभल मैम समेत कई पूर्व शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति आभार जताया। दो दशक बाद एक-दूसरे से मिलकर विद्यार्थी भावुक और उत्साहित नजर आए। सभी ने स्कूल के दिनों के किस्से, कक्षा की यादें, खेलकूद, शरारतों और शिक्षकों से मिली सीख के अनुभव साझा किए। पुराने परिसर में लौटकर कई विद्यार्थियों के चेहरे पर पुरानी यादों की मुस्कान दिखाई दी। पूर्व विद्यार्थियों ने कहा कि स्कूल केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनभर के रिश्तों, संस्कारों और यादों की नींव होता है। शिक्षकों ने भी अपने पुराने विद्यार्थियों से मिलकर खुशी जाहिर की। समापन समूह तस्वीरों, हंसी-मजाक और फिर मिलने के वादे के साथ हुआ।

गिफ्ट हैंपर, लकी ड्रॉ होंगे विशेष आकर्षण

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दिवाली मिलन कल

सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि, लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के साथ होगी भव्य आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीपावली मिलन समारोह 14 नवंबर, शनिवार को सायं 7 बजे हरनूर पैलेस (व्हाइट हाउस), जहांनुमा पैलेस के सामने, श्यामला हिल्स में किया जा रहा है। इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

इसके साथ ही सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश एवं भोपाल के जनप्रतिनिधि, विधायक, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी समेत अन्य प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विशेष लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात आतिशबाजी एवं क्रैकर्स शो आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में चेंबर के सक्रिय सदस्यों के लिए विशेष रिटर्न गिफ्ट हैंपर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बड़े स्तर पर आकर्षक लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया जाएगा ।

भोपाल चेंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम संयोजक कमल पंजवानी के मार्गदर्शन एवं संयोजन में विभिन्न समितियां आयोजन को यादगार एवं भव्य स्वरूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।



भोपाल में जिला स्तरीय युवा उत्सव महोत्सव का आयोजन

समूह लोकगीत सहित अनेक विधाओं में प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

नृत्य-संगीत से लेकर वक्तृता और रंगोली में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बाबूलाल गौर महाविद्यालय में तीन दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और रचनात्मकता के रंगों से सजे बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल के तीन दिवसीय युवा उत्सव का उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ।

इस दौरान विद्यार्थियों ने वक्तृता, वाद-विवाद, एकल एवं समूह नृत्य, गायन, रंगोली और प्रश्न मंच जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसके साथ ही 'भारत की समृद्ध विरासत और हमारे त्योहार' विषय पर वक्तृता तथा 'भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रासंगिक है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उन्हें नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने जिला स्तरीय युवा उत्सव महोत्सव का आयोजन गुरुवार को लिटिल बैलेट, शांति नगर मार्ग, श्यामला हिल्स में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम पर किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वाणी साहू, संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशन में सामूहिक गायन, सामूहिक लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इस दौरान जिला युवा अधिकारी एवं माय भारत मोनिका चौधरी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करते हुए विभिन्न विधाओं में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी आगामी 26 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय युवा उत्सव में भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिताओं के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे

- **कविता लेखन:** विजेता-स्नेहा गंगवार, उपविजेता-अनुष्का मंदोरसिया
- **पेंटिंग:** विजेता-विकास मेहरा, उपविजेता-वैष्णवी पाण्डा
- **समूह लोकनृत्य:** विजेता-बैरसिया ग्रुप, उपविजेता सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी
- **समूह लोकगीत:** विजेता-गुंजन रॉकर्स (कजरी गीत), उपविजेता सत्य साईं गर्ल्स कॉलेज
- **नुक्कड़ नाटक:** विजेता-बी.एस.एस. कॉलेज, भोपाल, उपविजेता एक्सीलेंस कॉलेज, भोपाल

पीएम मोदी बोले-किसानों की समृद्धि से ही मजबूत होगा देश का भविष्य, एक दशक में कृषि विकास दर 4 फीसदी से अधिक रही

विकसित भारत के निर्माण में कृषि विकास, आधुनिक खेती और किसान सशक्तिकरण की भूमिका अहम, यह संस्कृति-जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि विकास, आधुनिक एवं स्मार्ट खेती और किसानों का सशक्तीकरण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि केवल भारत की अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी है। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में कृषि और त्योहारों का गहरा संबंध रहा है। देश के अधिकांश त्योहार किसी न किसी रूप में खेती, फसल, प्रकृति और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे समय में इस सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जब देशभर में त्योहारों का उत्साह है। यह भारतीय समाज में कृषि की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।

भारत मंडपम में 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' में बोले प्रधानमंत्री



आयोजकों को सराहा

प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक पहल है। उन्होंने इसे किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान हिस्सा ले रहे हैं। इनके अलावा नीति निर्माता, राजनयिक, कृषि उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की जरूरतों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

बड़ी विकास दर हासिल की

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक रही है। आजादी के बाद यह पहला ऐसा दशक है, जब देश के कृषि क्षेत्र ने लगातार इतनी मजबूत विकास दर हासिल की है। उन्होंने इस उपलब्धि को कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और किसानों की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को अपनाना आवश्यक है। खेती को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना होगा।

'दिग्गज' देंगे अनुभव

सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी। ये किसान खेती में किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि पद्धतियों, विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं, किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल तथा कृषि को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है कि कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार से जुड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना होगा। किसानों की भागीदारी, उनकी क्षमताओं का विकास और कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे और देस के विकास के लिए लगों को प्रेरित भी करेंगे।

खबर संक्षेप

31 आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी

नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी



की। नई दिल्ली में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद 31 नामों का ऐलान किया गया। पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। सीएम भगवंत मान कहा कि सर्वे में जो उम्मीदवार को आगे रह हैं उन्हें टिकट दी गई है।

लापरवाही... दिल्ली में 8 पुलिसकर्मी निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में तबादले के आदेश के बाद नई पोस्टिंग पर ज्वाइन नहीं करने वाले



8 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था, लेकिन आदेश जारी होने के बावजूद वे समय पर अपनी नई तैनाती वाली जगह पर रिपोर्ट (जॉइन) करने नहीं पहुंचे।

कांग्रेस ने शुरू की जवानी संभाल यात्रा

चंडीगढ़। कांग्रेस की पंजाब इकाई ने विधानसभा चुनावों से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत अपनी



'जवानी संभाल साइकिल यात्रा' शुरू की, जिसका नेतृत्व पार्टी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब से किया। चमकौर साहिब से यात्रा को रवाना किए जाने के मौके पर सचिन पायलट मौजूद थे।

बेकाबू कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 2 जख्मी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के धोलरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा



हो गया। कार के बेकाबू होकर पलटने से एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 8 साल की बेटी और बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब नए गठबंधन का ऐलान

ओवैसी-एएसपी ने बनाया 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

गठबंधन का उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना

उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में नए गठबंधन की घोषणा हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है। इस घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना तथा युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाना है।माना जा रहा यह गठबंधन सपा के पीडीए समीकरण के सामने एक नई चुनौती पेश कर सकता है, जबकि विपक्षी दलों का आरोप है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा मिल सकता है।



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की

सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

दोनों नेताओं ने बताया कि उनका मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही ओवैसी ने चंद्रशेखर को मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। चंद्रशेखर और ओवैसी ने गठबंधन के जरिए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। दोनों दलों का कहना है कि वे मिलकर राजनीतिक भागीदारी, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस दौरान सबसे अहम बात यह रही कि ओवैसी ने चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सामाजिक परिवर्तन मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा भी सामने रख दिया है। हालांकि, इस गठबंधन को चुनाव में कितना समर्थन मिलता है, यह आने वाले समय में उम्मीदवारों के चयन और जनता के बीच पहुंच से साफ होगा। अब मोर्चा के गठन के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

सभी जान रहे आजम किसकी वजह से जेल में हैं?अब्दुल बराबरी पर है: ओवैसी

ओवैसी ने कहा कि मोर्चा यूपी में मजबूत विकल्प होगा। हम बीजेपी को तीसरी बार आने से रोकेंगे। किसानो के मसले पर हम लड़ेंगे। हम राजनीति फ्यूचर के लिए करेंगे। अब्दुल मुद्दा बन गया है, अब्दुल दरी नही बिछा रहा है।अब्दुल बराबरी पर है, हम उसके साथ है। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजम खान किसकी वजह से जेल में हैं, सबको मालूम है. सिर्फ वोट के खतिर उनका इस्तेमाल हुआ। कोई उनकी लड़ाई नही लड़ा। 2012 के बाद से हमारे ऊपर अत्याचार हो रहा है। ये सरकार केवल व्यपारी की बात करती है हम सरकार बनाएं तब क्वालिटी शिक्षा देंगे। अस्पताल दुरस्त करेंगे, नौकरी देंगे।

कांग्रेस के मसूद बोले

हमें डेंट कर किसी और को फायदा...

इस गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने कहा कि



राजनीति का अधिकार सभी को है, सब अपने तरीके से राजनीति भी करते हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या एसपीएम उनके गठबंधन को डेंट पहुंचाएगा, तो उन्होंने कहा कि डेंट होने से किसे फायदा होगा? किसी और को फायदा पहुंचाना चाहते तो हमें डेंट करके तो पहुंचा दीजिए।

जेल में आजम से मिले शिवपाल



उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात करने के लिए थी। शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर किया गया था।

इनका मकसद भाजपा को हटाना नहीं है

इस गठबंधन को लेकर शिवपाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर भाजपा को सत्ता से नहीं हटाना चाहते हैं।

छठ पूजा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

नवीन ने मुनक नहर पर 11 किमी लंबे छठ घाट की शुरुआत की



सीएम रेखा के साथ दिल्ली सरकार के कई मंत्री कार्यक्रम में रहे मौजूद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय राजधानी में मुनक नहर के दोनों किनारों पर बनाए गए 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट का गुरुर को उद्घाटन किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री के कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि यहां शालीमार बाग में सिंगलपुर रोड पर प्रेम बाड़ी पुल के पास आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में इस घाट का उद्घाटन किया गया।

यह पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात

यह घाट दिल्ली के पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात है। लंबित मांग को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने छठ व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को अहम कदम उठाया है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया था कि हैदरपुर जल उपचार संयंत्र से मुनक नहर में पानी डाला जाएगा, ताकि भक्तों को स्वच्छ पानी और निर्बाध प्रवाह मिल सके। सीएमओ ने कहा था कि कभी गंदगी, मलबे और झाड़ियों से घिरी रहने वाली नहर को नया जीवन देने के लिए सरकार ने सफाई अभियान चलाया।

रेलवे का ऐलान:2044 फेरे लगाएंगी 214 स्पेशल ट्रेनें

छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 214 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के कुल 2,044 फेरे लगाए जाएंगे। रेलवे का उद्देश्य है कि त्योहार पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए ज्यादा परेशानी न हो और वो सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।

स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा

यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे



सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बिहार पुलिस की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मदद कर रही है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

सोलापुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी सुरक्षित

एजेंसी ⏭ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है।



ये विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट उड़ान भरने की कोशिश कर रही थी। ट्रेनिंग विमान रनवे से भटक गया और रनवे की सतह से फिसल गया। उड़ान भरते समय विमान का नियंत्रण कैसे खो गया, इसके सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पित्रोदा ने की पीएम मोदी की तारीफ

उन्हें गुजराती दोस्त बताया तो प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। पित्रोदा की गिनती गांधी परिवार के करीबी नेताओं में होती है और वे जब राहुल गांधी अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की यात्रा करते हैं, तो उसमें अहम भूमिका निभाते हैं। पित्रोदा ने अब पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा है कि वह निजी तौर पर बहुत अच्छे, दयालु और प्यार करने वाले हैं और हमारी आपस में अच्छी बनती है। पित्रोदा ने पीएम मोदी को अपना गुजराती दोस्त बताया है। इस पर पीएम मोदी ने खुद जवाब दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सैम भाई और अंजना बेन को दिवाली और नूतन वर्ष अभिनंदन की शुभकामनाएं। आने वाले साल के लिए खुशी और सेहतमंद रहने की प्रार्थना करता हूं। जय जगन्नाथ! पित्रोदा के बयानों से अक्सर विवाद के साथ बवाल होता रहा है।

गुरुद्वारे में जलाया सोनिया का 'संस्मरण'



नई दिल्ली। यहां के रकाबगंज गुरुद्वारे में सिख समुदाय और सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों ने सोनिया गांधी की आत्मकथा की किताब को आग लगाई। 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' पर प्रदर्शनकारियों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का आरोप है कि किताब में 1984 के सिख विरोधी दंगों और सिख समुदाय से जुड़े मुद्दों पर गलत तथ्यों को पेश किया गया है। यह विरोध प्रदर्शन कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और अन्य सदस्यों के नेतृत्व में किया गया।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

भारी पुलिस बल की रही तैनाती बिफरे सांसद

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा और गेट को कटर से काटा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर गुरिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय



बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया। बनर्जी ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज को दबा नहीं सकते।

अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने कहा कि यह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे।

जोशी ने केवीएस की 3 प्रमुख डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया

प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

छात्रों के हित में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में विस्तार किया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की 3 अहम डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। इनमें 'समीक्षा' एआई बॉट से युक्त एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र , केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल तथा केवीएस एलुमनाई कनेक्ट पोर्टल शामिल हैं। ये पहल प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। इनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।



इसका और विस्तार किया जाएगा

जोशी ने सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के सहयोग से इस पहल का विस्तार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से आगे बढ़ाकर संपूर्ण स्कूली शिक्षा व्यवस्था तक किया जाए।

ये रहे 3 नए कदम

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसका 'समीक्षा' एआई बॉट उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर कमियों की पहचान करता है।

केवीएस-संवाद- पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल

केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल से अभिभावक विद्यालय से सीधे जुड़ सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति, शैक्षणिक परिणाम, शिक्षण संसाधनों और डिजिटल छात्र पहचान पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

केवीएस एलुमनाई पोर्टल : केवीएस एलुमनाई पोर्टल पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों तथा पूर्व छात्रों से दोबारा जुड़ने, अनुभवों को साझा करने में मदद देगा।

वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस में बोले रक्षा मंत्री

हमारी तैयारी ऐसी हो जिससे दुश्मन को संभलने का मौका न मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बदलती युद्ध परिस्थितियों में अचानक हमले की क्षमता और दुश्मन के किसी अप्रत्याशित कदम से निपटने की तैयारी, दोनों बेहद जरूरी हैं। इसी रणनीति को अहम बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना को अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को लगातार मजबूत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल लड़ाकू विमानों की संख्या से नहीं, बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, तेजी से जवाब देने की क्षमता और सटीक तैयारी से जीते जाएंगे। वे यहां वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब लड़ाई केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए युद्ध के नए तरीके सामने आ रहे हैं

नई तकनीकों को वायुसेना की योजना, प्रशिक्षण और सैन्य अभियानों का अभिन्न हिस्सा बनाएं



वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

साइबर और अंतरिक्ष युद्ध के लिए विशेष रणनीति बनाएं

रक्षा मंत्री ने कहा कि वायुसेना को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों के लिए भी विशेष रणनीति और मजबूत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। इन क्षेत्रों में तैयारी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कमांडरों से इन नई तकनीकों को वायुसेना की योजना, प्रशिक्षण और सैन्य अभियानों का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

युद्ध के नए तरीकों में ड्रोन शामिल

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब लड़ाई केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए युद्ध के नए तरीके सामने आ रहे हैं। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन युद्धों में ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियां बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई हैं।

निगरानी क्षमता मजबूत करें

राजनाथ सिंह ने कहा कि खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी करने की क्षमताओं को और मजबूत करना होगा, ताकि दुश्मन की किसी भी गतिविधि और संभावित खतरे का समय रहते पता लगाया जा सके।

वायु रक्षा प्रणालियां सुरक्षा के लिए अहम

राजनाथ सिंह ने कहा कि खास तौर पर ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियों पर बढ़ता जोर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच दिखे बेहतरीन तालमेल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर अपनी क्षमताओं का प्रभावी इस्तेमाल किया।

'उड़ान' के एआई सेंटर का शुभारंभ किया

रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना की यूनिट फॉर डिजिटाइजेशन, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लीकेशन नेटवर्किंग (उड़ान) के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आंतरिक रूप से विकसित एआई अनुप्रयोगों के एक समूह का शुभारंभ किया। इनका उपयोग परिचालन, प्रशासन और एयरोस्पेस सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यों को स्वचालित करने तथा उनकी प्रक्रिया को तेज करने के लिए किया जाएगा। इन्हें भारतीय वायु सेना के सुरक्षित नेटवर्क पर स्थापित किया गया है। यह पहल प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तन और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।



एआई सेंटर का शुभारंभ किया

खबर संक्षेप

नेपाल में वाहन गहरी खाई में गिरा, 11 की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में गुरुवार को एक छोटी बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मकवानपुर जिले में सुबह करीब पौने छह बजे हुई। मकवानपुर जिला पुलिस के अनुसार यह बस काठमांडू से सरलाही जा रही थी तथा उसमें करीब 17 लोग सवार थे। यह बस भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका में भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू सड़क पर पहाड़ से लगभग 300 मीटर नीचे जा गिरी। हादसे में चालक समेत 11 लोगों की जान चली गई।



इंडोनेशियाई उपराष्ट्रपति जिब्रान ने दिया इस्तीफा

जकार्ता। इंडोनेशिया के उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका ने अदालतों के फैसलों में अपनी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए जाने और पद पर बने रहने की पात्रता को लेकर विवाद गहराने के बीच इस्तीफा दे दिया। पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो के पुत्र जिब्रान (39) ने राजधानी जकार्ता स्थित संसद भवन में देश के सर्वोच्च विधायी निकाय 'पीपुल्स कंसल्टेटिव असेंबली' के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके पिता विडोडो ने गृहनगर सोलो में कहा कि सार्वजनिक पदों पर राजनीतिक उतार-चढ़ाव हमेशा रहेंगे।



वॉशिंगटन में गोलीबारी 1 की मौत, 4 घायल

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के पॉश लॉगन सर्कल इलाके में व्हाइट हाउस से करीब 1.6 किमी दूर गुरुवार तड़के हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी करने वाले हमलावर ने भी खुद को गोली मारकर जान दे दी। गोलीबारी की शुरुआत एक फिटनेस सेंटर के अंदर हुई। हमलावर ने पहले जिम में एक व्यक्ति को गोली मारी। इसके बाद वह बाहर निकलकर फायरिंग करने लगा। उसने एक पार्किंग गैराज में भी गोलियां चलाईं। वहां एक व्यक्ति को गोली लगी।



हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन

भारत से फिलीपींस को जल्द मिलेगी सुपर सोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइल की दूसरी खेप

फिलीपींस की रक्षा क्षमता मजबूत करने के लिए भारत प्रतिबद्ध

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से फिलीपींस को जल्द ही सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की दूसरी खेप (60 मिसाइलों के साथ 5 ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम शामिल होंगे) सौंपी जाएगी। दोनों देशों के बीच इस मामले को लेकर चल रही बातचीत अपने लगभग अंतिम चरण में जा पहुंची है। लेकिन अब इसकी गूंज आगामी 16 से 18 नवंबर तक पीएम नरेंद्र मोदी की मनीला यात्रा के दौरान फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ होने वाली एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में भी सुनाई देगी। यह जानकारी गुरुवार को पीएम की यात्रा के पूर्व में आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है।



रुद्रेंद्र टंडन, सचिव (पूर्व)

टंडन ने कहा कि भारत ने फिलीपींस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। जिसके तहत वर्ष 2022 में हमने मनीला को ब्रह्मोस मिसाइल देने के लिए एक समझौता भी किया है। नई दिल्ली अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत फिलीपींस की रक्षा क्षमताओं के विकास में हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। समिट की थीम 'नेविगेटिंग आवर फ्यूचर, टुगेदर' है।

11 आसियान देशों के साथ 122 अरब यूएस डॉलर का व्यापार

फिलीपींस में बसे प्रवासी भारतीयों से भी पीएम करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी आसियान सम्मेलन में हिस्सा लेने अगले हफ्ते जाएंगे फिलीपींस

आसियान देशों के बीच हुए समझौतों को भारत बढ़ा रहा

टंडन ने 2026 को भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष के रूप में याद किया, जिसमें भौगोलिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए गतिविधियों की एक श्रृंखला देखी गई। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) के संबंध में, टंडन ने दस पक्षों को शामिल करने वाली बहुपक्षीय वार्ताओं की समय लेने वाली प्रकृति को स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत व्यापार को सुगम बनाने और व्यवसायों के लिए निरंतर आर्थिक विकास और अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय व्यापार सुविधा पहलों और समझौतों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है, भले ही एआईटीआईजीए समीक्षा समय-सीमा कुछ भी हो।

म्यांमार को अलग-थलग करना सही नहीं

टंडन ने कहा कि म्यांमार को अलग-थलग करने के बजाय उसके साथ जुड़कर काम करना चाहिए। अगर दुनिया के दूसरे देश उससे दूरी बना लेंगे, तो इस खाली जगह का फायदा कोई अन्य देश उठा सकता है। उन्होंने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान की ओर से म्यांमार सरकार के साथ बातचीत की पहल का भी समर्थन किया। टंडन के मुताबिक, म्यांमार का इतिहास और समाज काफी जटिल है। इसलिए वहां हालात सुधारने के लिए धैर्य रखना और लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है।

आसियान क्षेत्रीय संगठन के रूप में परिवक्व हुआ

टंडन ने कहा कि करीब छह दशकों के दौरान आसियान एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में परिपक्व हुआ है और सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज आसियान एक संगठन के रूप में अपनी सामूहिक ताकत का उपयोग करते हुए क्षेत्र में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में सक्षम है। भारत का मानना है कि आसियान के सदस्य देशों के साथ सामूहिक और अलग-अलग, दोनों स्तरों पर मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखना दोनों पक्षों के हित में है। आसियान के सभी 11 सदस्य देशों के साथ भारत के सक्रिय द्विपक्षीय संबंध हैं। इसके अलावा, भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाने में आसियान के क्षेत्रीय मंच के साथ जुड़ाव को भी महत्वपूर्ण मानता है।

राष्ट्रपति मार्कोस के रात्रिभोज में होंगे शामिल

मनीला पहुंचने पर पीएम मोदी फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर द्वारा शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक नेताओं के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। अगले दिन वे आसियान-भारत और ईस्ट एशिया समिट की बैठकों में हिस्सा लेंगे तथा कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम की लोकप्रियता का आलम यह है कि फिलीपींस में बसे प्रवासी भारतीय समुदाय की ओर से उनसे मिलने की जबरदस्त मांग आ रही है, जिसके मद्देनजर उनके कार्यक्रम में प्रवासी संवाद को भी शामिल करने की तैयारी की जा रही है।

व्यापारिक सुगमता पर भारत का रखेंगे पक्ष

टंडन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत और सभी 11 आसियान सदस्य देशों के बीच संबंध ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे हैं। आज आसियान क्षेत्र भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक बनकर उभरा है और दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 122 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी क्षेत्रीय संपर्क (कनेक्टिविटी), डिजिटल साझेदारी, व्यापारिक सुगमता और वैश्विक चुनौतियों पर भारत का सशक्त दृष्टिकोण रखेंगे।

सेना के साथ जंगल में गए थे

किश्तवाड़ से लापता दो एसपीओ के शव मिले हथियार भी गायब



रशपाल कुमार बाबी चंद

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसपीओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है।

■ शरीर गोलियों से छलनी किया

बारामूला के जंगल से 2 हैंड ग्रेनेड जब्त

बारामूला पुलिस ने बदरकूट के जंगलों में एरिया डोमिनेशन पेट्रोल के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सीआईएसीटी एफटीआर बीएसएफ (112/06 बटालियन), 2 आरआर और सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बदरकूट, टंगमर्ग निवासी गुलाम जीलानी रेशी नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को बदरकूट के जंगल क्षेत्र से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया।

कुलगाम हमले में लश्कर का कनेक्शन

सुरक्षा एजेंसियां कुलगाम हमले के सिलसिले में मोहम्मद लतीफ भट की तलाश कर रही हैं। कश्मीर रिवोल्यूशनरी आर्मी (केआरए) नाम के एक नए संगठन के सामने आने से जांच में एक नया पहलू जुड़ गया है। माना जाता है कि भट इस संगठन से जुड़ा है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि केआरए को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ही एक शाखा माना जा सकता है। टीआरएफ असल में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ही एक मुखौटा संगठन है।

फारस की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला

19 भारतीय नाविकों को यूएई कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित निकाला



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फारस की खाड़ी में एक और तेल टैंकर को निशाना बनाया गया है। लिबेरिया के झंडे वाला कच्चे तेल का टैंकर एमटी डोमेनिका प्रॉस्पेरिटी बुधवार को मीना साकर के पास प्रोजेक्टाइल हमले की चपेट में आया। जहाज पर 19 भारतीय नाविकों समेत कुल 22 क्रू मेंबर सवार थे। यूएई कोस्ट गार्ड ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। मंत्री के मुताबिक, जहाज पर सवार सभी 19 भारतीय सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सरकार जहाज की मैनेजमेंट कंपनी के लगातार संपर्क में है, ताकि क्रू मेंबर्स की सुरक्षा, देखभाल और जरूरी मदद सुनिश्चित की जा सके।

इसरो को मिली बड़ी सफलता

मॉडिफाइड पीएसएलवी के तीसरे स्टेज का सफल टेस्ट



पीएसएलवी रॉकेट का सफल टेस्ट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

इसरो ने गुरुवार को श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल' (पीएसएलवी) रॉकेट के संशोधित तीसरे चरण का ग्राउंड स्टैटिक टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह सफल परीक्षण पीएसएलवी के लगातार दो मिशनों में आई तकनीकी खामियों के बाद किया गया है, जिनमें रॉकेट के तीसरे चरण में समस्या के कारण मिशन असफल हो गए थे। इसरो ने बताया कि सिस्टम को पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए इसके डिजाइन मार्जिन, कच्चे माल की गुणवत्ता, असेंबली प्रक्रिया और जांच मानकों की गहन समीक्षा की गई थी। नोजल कॉन्फिगरेशन को उन्नत किया गया और मैकेनिकल इंटरफेस को पहले से ज्यादा मजबूत बनाया गया।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास शुरू



विशाखापत्तनम। 8वां भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास (इमनेक्स-26) 10 से 14 नवंबर तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। म्यांमार नौसेना का जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यु शिन और भारत के आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा के साथ इस अभ्यास में भाग लेने के लिए 10 नवंबर को विशाखापत्तनम पहुंचा। आईएनएस राणा पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसके साथ ही इस द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत हुई।

एनवीडिया सीईओ जेन्सन हुआंग के एक और नए अफेयर का दावा

कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घटी

चीनी महिला के अलावा कंपनी की कर्मचारी किम्बली से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं। एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया ने अब जेन्सन को सीईओ पद से हटा दिया है।

जिस चीनी महिला पर जासूसी का शक उसके साथ अफेयर की बात मानी



जेन्सन हुआंग और किम्बली पॉवेल

हेल्थकेयर बिजनेस की वीपी है किम्बली

किम्बर्ली पॉवेल ने 2008 में एनवीडिया में डायरेक्टर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगातार तरक्की की। अब वह हेल्थकेयर बिजनेस की वाइस प्रेसिडेंट हैं। शुरुआत में उनका काम मेडिकल इमेजिंग में एनवीडिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। एनवीडिया में आने से पहले पॉवेल एक इंजीनियर के तौर पर काम करती थीं। इसके बाद उन्होंने एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टार्टअप में प्रोडक्ट डेवलपमेंट का काम संभाला। इसी दौरान उन्होंने एनवीडिया से संपर्क किया और कंपनी के कंप्यूटिंग चिप्स के इस्तेमाल पर चर्चा की।

अमीरों की सूची में 10वें नंबर पर खिसके हुआंग

चीनी महिला से अफेयर की खबरों के बाद जेन्सन हुआंग फोर्ब्स की लिस्ट में एक पायदान खिसककर 10वें नंबर पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ 6.80 बिलियन डॉलर घटकर 155.4 बिलियन डॉलर हो गई है। रुपए में ये 63 हजार करोड़ कम होकर 14.32 लाख करोड़ हो गई है। जेन्सन हुआंग की संपत्ति का बड़ा हिस्सा एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ा है। हुआंग के पास एनवीडिया के 3.5% से ज्यादा शेयर हैं। वे कंपनी के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक हैं।

जांच समिति में आरती शाह भी



एनवीडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने जेन्सन हुआंग के खिलाफ स्वतंत्र जांच शुरू कराई है। इस बोर्ड में भारतीय मूल की डॉ. आरती शाह सदस्य हैं और कंपनी की दो अहम समितियों में भी शामिल हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली आरती शाह ने अमेरिका की बड़ी दवा कंपनी एली लिली में करीब 27 साल काम किया है।

दावा: ट्रंप को जेन्सन के अफेयर के बारे में पता था

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस साल मई में चीन यात्रा से पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी। ट्रंप को खुफिया मेमो में बताया गया था कि हुआंग के संबंध एक ऐसी महिला से हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी चीनी जासूस मान रहे हैं। इसके बावजूद ट्रंप हुआंग को बीजिंग ले गए थे। उन्होंने अलास्का से राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन विमान में यात्रा भी की थी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस बीच, अमेरिकी सांसदों ने जनवरी में कांग्रेस के नए सत्र के बाद मामले में विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं।

भारत और ब्राजील के बीच नई साझेदारी

सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील अपने लंबे अंतरिक्ष सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों की कंपनियों ने मिलकर ऐसा सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने पर सहमति जताई है, जो कम से कम 100 किलो पेलोड को लो अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) तक ले जाने में सक्षम होगा।

यह समझौता अक्टूबर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के जरिए हुआ। इस पर ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम कंसोर्टियम की सदस्य कंपनी कॉन्सर्ट टेक्नोलॉजीज और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तुर्की के अंताल्या में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।



एमओयू करते अधिकारी

न्यूजीलैंड के जैकब्स ने लिस्ट- ए मैच में लगाए 21 छक्के, विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने अपने लिस्ट-A करियर में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया। इस समय खेली जा रही फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले में ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ओटागो के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का पहला ही दोहरा शतक साबित हुआ। उन्होंने अपनी इस अविश्वसनीय पारी में 21 छक्के लगाए।

जोरदार रही जैकब्स की पारी

ऑकलैंड की ओर से खेलते हुए जैकब्स ने 132 गेंदों में नाबाद 202 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 21 छक्के शामिल रहे। ओटागो के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दोहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से ऑकलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 334/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ओटागो ने 49.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। जैकब्स का दोहरा शतक भी जीत नहीं दिला सका।



दोहरा शतक लगाने वाले चौथे कीवी बल्लेबाज

दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज जैकब्स अब लिस्ट-A एक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले जेमी हाऊ, मार्टिन गुप्टिल, और चैड बोव्स ऐसा कर चुके थे। इनमें से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ गुप्टिल (बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ने लगाया हुआ था। वहीं, हाऊ ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से और बोव्स ने कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा किया है।

टी-20 सीरीज में खेलते हुए दिखे थे जैकब्स

जैकब्स हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने सीरीज में क्रमशः 31, 58, 39*, 7 और 1 रन के स्कोर किए थे। न्यूजीलैंड की ओर से उन्होंने 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31.90 की औसत और 144.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 319 रन बनाए हैं। उन्होंने कोई वनडे अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 29 पारियों में 870 रन बनाए हुए हैं।

छक्कों का विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

जैकब्स अब लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में दूसरे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। बता दें कि यह विश्व रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 2018 में क्वींसलैंड के खिलाफ 23 छक्के लगाए थे। इन दोनों के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने एक पारी में 20 छक्के नहीं लगाए हैं। इस सूची में तीसरे सर्वाधिक छक्के वाले खिलाड़ी नामीबिया के गेरी स्नाइमैन (17 छक्के बनाम यूएई, 2007) और इयोन मॉर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019) हैं।

खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, सान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में



नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप



इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया, ''भारत में इस चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार हो रहा है। इससे पहले, 1964 में कोलकाता और 2014 में बेंगलुरु में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।

भारत ने बे ओवल में जीते हैं 2 वनडे मैच

भारत ने बे ओवल में अब तक 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 2 में जीत दर्ज की है और एक में हार झेली है। बे ओवल में न्यूजीलैंड ने कुल 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत हासिल की है और 5 में शिकस्त का सामना किया है। इस मैदान पर दोनों टीमें 2020 में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता था।

ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में

डब्ल्यूटीए फाइनल्स



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने एरिना सबालेंका को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और शीर्ष स्थान हासिल किया।

स्पर्धा शीर्ष 8 महिला खिलाड़ियों के बीच

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को हराया था। शीर्ष 8 महिला खिलाड़ियों के बीच इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को एंड्रीवा से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

फिलीपिंस ओपन गोल्फ में चार भारतीय संयुक्त 38वें स्थान पर

मनीला। भारत के चार खिलाड़ियों ने फिलीपीन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में बृहस्पतिवार को एक ओवर 71 का कार्ड खेला और वे संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों में पुखराज सिंह गिल, अमन राज, शौर्य भट्टाचार्य और अनिर्बान गिल ने पांच बर्डी लगाईं, लेकिन दो बोगी और दो डबल बोगी के कारण उनका स्कोर एक ओवर रहा। लाहिड़ी ने दो बर्डी और तीन बोगी लगाईं। अमन राज के खाते में तीन बर्डी और चार बोगी रहीं जबकि शौर्य ने एक बर्डी और दो बोगी के साथ दौर पूरा किया।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल



एजेंसी ▶▶| अल अमेरात (ओमान)

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा।

कार्यालय वन वृत्त बैतूल, (म.प्र.)

Fax & Phone: (07141-234396) E-Mail ecf.btl@mp.gov.in

बैतूल वन वृत्त बैतूल के अंतर्गत (उत्पादन) वनमंडल बैतूल के परिवहन समूह क्रमांक 64 बैतूल एवं 65 भौंरा के ईमारती काष्ठ के परिवहन हेतु दिल्ली डिपो परिवहन समूह की ई निविदा/नीलाम की सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, बैतूल वन वृत्त के अंतर्गत बैतूल उत्पादन वनमंडल के विभिन्न परिवहन समूहों से संबंधित काष्ठागार बैतूल एवं काष्ठागार भौंरा से ईमारती काष्ठ की ई निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा चक्र	निविदा दिनांक	निविदा प्रारंभ होने की तिथि एवं समय	निविदा समाप्त हाने की तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1	प्रथम	11.11.2026	11.11.2026 प्रातः 10:00 बजे	17.11.2026 सायंकाल 06:00 बजे	19.11.2026 प्रातः 11:30 बजे
2	द्वितीय	23.11.2026	23.11.2026 प्रातः 10:00 बजे	30.11.2026 सायंकाल 06:00 बजे	02.12.2026 प्रातः 11:30 बजे
3	तृतीय	07.12.2026	07.12.2026 प्रातः 10:00 बजे	14.12.2026 सायंकाल 06:00 बजे	16.12.2026 प्रातः 11:30 बजे
4	चतुर्थ	21.12.2026	तृतीय चक्र के पश्चात् अवशेष अनिवर्तित परिवहन समूहों का दिनांक 21/12/2026 को सायंकाल 4:00 बजे से नीलाम द्वारा निवर्तन किया जावेगा। **स्थान- हमलापुर बैतूल डिपो नीलाम हॉल**		

नीलाम की विस्तृत शर्ते वनमंडलाधिकारी उत्पादन वनमंडल बैतूल के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

जी - 21346/26

मध्यप्रदेश की विश्व प्रसिद्ध सागौन का उपयोग करें।

(मधु व्ही. राज) वनसंरक्षक, बैतूल. वृत्त बैतूल

वनमण्डलाधिकारी (उत्पादन) वनमण्डल बैतूल

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय- भोपाल सेन्ट्रल

कब्जा सूचना नियम 8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूतित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अधीन होगा।

ऋणकर्ता/सहऋणी/जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

ऋणी का नाम	ऋणी की संपत्तियों का विवरण	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, होशंगाबाद रोड शाखा, भोपाल (म.प्र.)		
ऋणी-**श्री राजेश कुमार यादव पुत्र श्री राना प्रसाद यादव** सहऋणी-**श्रीमती रानू यादव पत्नि श्री राजेश कुमार यादव**	एक रिहायशी फ्लैट स्थित प्लाट नं. 78-80, कृष्णा टावर, फ्लैट नं. टी-3, तृतीय तल, अमलतास कालोनी, कटारा हिल्स, भोपाल वार्ड नं. 86, क्षेत्रफल- 39.94 वर्गमीटर, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल संपत्ति मालिक- श्री राजेश यादव एवं श्रीमती रानू यादव चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- अन्य का प्लाट, दक्षिण- फ्लैट नं. टी-40	20-07-2026 / 12.11.2026 / ₹ 7,85,161.33 +ब्याज एवं अन्य खर्च
ऋणी-**श्रीमती रानू यादव पत्नि श्री राजेश कुमार यादव** सहऋणी-**श्री राजेश कुमार यादव पुत्र श्री राना प्रसाद यादव**	एक रिहायशी फ्लैट स्थित प्लाट नं. 78-80, कृष्णा टावर, फ्लैट नं. टी-2, तृतीय तल, अमलतास कालोनी, कटारा हिल्स, भोपाल वार्ड नं. 86, क्षेत्रफल- 38.16 वर्गमीटर, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल संपत्ति मालिक- श्रीमती रानू यादव चर्तुसीमाएं- पूर्व- फ्लैट नं. टी-4, पश्चिम-प्लाट नं. 81, उत्तर- फ्लैट नं. टी-01, दक्षिण- रोड	20-07-2026 / 12.11.2026 / ₹ 7,09,778.59 +ब्याज एवं अन्य खर्च

दिनांक: 12-11-2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@nic.in Phone No. 07622-224277

क्रमांक 21/व.ले.लि./2026-27/ // निविदा आमंत्रण सूचना // कटनी, दिनांक 04/11/2026

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्रं	टेण्डर आई डी क्रमांक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रं.	अनुमानित लागत राशि (रू लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2026_PWDRB_547648_1	कटनी	11.04.25 01.01.24	सड़क विद्युत	टिकरिया से सिंघवारा होते हुये देवराकला देवसरी इंदौर पहुँच मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित	चतुर्थ	214.77	214770	15000	06 माह वर्षाऋतु सहित
					योग		214.77			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 214.77 लाख (दो करोड़ चौदह लाख सतहत्तर हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 25.11.2026 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

G-21353/26 " स्वच्छता ही सेवा "

विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल

NO. SB/Store/2026-25 (812) Bhopal, Dated 30-10-2026

"ऑनलाईन ई-निविदा सूचना"

पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश की ओर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

S.no.	Name of Item(s)	Qty.	Tender fees (Rs.) Paid online Through mptenders.gov.in	EMD (Rs.)	Tender No.
1	B.P. Patka	100	3,000/-	75,000/-	2nd Tender

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किये जाऐंगे।
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. निविदा समय सारणी:

No.	Tender Activity	Date & Time
i	निविदा प्रकाशन की दिनांक	31/10/2026 at 17.00 hrs
ii	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक	31/10/2026 up to 17.30 hrs
iii	Submission of written queries - through e-mail: aigg-sb@mppolice.gov.in	05/11/2026 up to 17.00 hrs
iv	प्री-बिड दिनांक	06/11/2026 at 12.00 hrs
v	निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	10/11/2026 at 10.00 hrs
vi	निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	20/11/2026 up to 16.00 hrs
vii	निविदा खोलने की दिनांक	23/11/2026 up to 16.00 hrs
viii	डिमांस्ट्रेशन दिनांक	Demo date will be announced separately

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः बेबसाईट पर अद्यतन रहें।
6. निविदा में दर्शाए दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी बेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

उप पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी) म.प्र.भोपाल
दूरभाष क्रं.-0755-2443654

G-21345/26 " स्वच्छता ही सेवा "



70वीं अन्तर शालेय राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता मंदसौर

कैंपियन का 8 स्वर्ण, 7 रजत, 2 कांस्य समेत 17 पदकों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैंपियन स्कूल भोपाल के 9 प्रतिभावान रोलर स्केटर्स ने हाल ही में लोटस वैली स्कूल मंदसौर के स्केटिंग रिंक में आयोजित 70वीं अंतर शालेय राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य जीतकर कुल 17 पदकों पर अपना कब्जा जमाया। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग एसजीएफआई द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में कैंपियन के स्केटर्स कशवी शर्मा ने 2 स्वर्ण 1 रजत, रिशिका चावड़ा ने 2 स्वर्ण, दिव्यांश लगलवार ने 2 स्वर्ण, मो. अबान ने 1 स्वर्ण 1 रजत, शोमिल डे ने 1 स्वर्ण 1 कांस्य, रिशिका शिंदे ने 2 रजत, यशनील चौधरी ने 2 रजत, निशा नेमा ने 1 रजत और जैबल शाजी जार्ज ने 1 कांस्य पदक जीता। इन सभी स्केटर्स ने इस प्रतियोगिता में 200 मी., 300 मी., 500 मी. और 1000 मी. रिंक, लैप और रोड वर्ग में ये सभी पदक जीते। इन खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भोपाल संभाग ओवर ऑल चैम्पियन बना। इन सभी खिलाड़ियों ने स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा, मीनाक्षी राजपूत एवं सारांश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्केटिंग रिंक में नियमित प्रशिक्षण लिया था। इस अन्तर शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में म.प्र. के लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., उप प्राचार्य फेबियानुस खलखो, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर रेनिशा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जॉन्सी कोशी ने कोच संजय मिश्रा, मीनाक्षी राजपूत एवं सारांश त्रिपाठी व सभी छात्र एवं छात्राओं को इस रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



'दाऊ साहेब' इंटर क्लब अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट

मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहली पारी में बनाए 268 रन



बाब-ए-अली और सेंचुरियन मैदान में खेले गए मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीडीसीए इंटर क्लब अंडर-15 बहुदिवसीय टूर्नामेंट के अंतर्गत बाब-ए-अली मैदान में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी बनाम अंकुर क्लब मुकाबला खेला जा रहा है। गुरुवार को मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहली पारी में 90 ओवर में 268/9 रन बनाए। इनमें तन्मय सिंह 54, अरनव धाकड़ ने 51 (नाबाद) रहते हुए पारी को मजबूती दी। दक्ष वशिष्ठ ने 41, आहद खान ने 42 और निशांत पंचवानी ने 35 रन का योगदान दिया।

अंकुर के प्रयाग जरीवाला ने 3 विकेट, भाव्य अग्रवाल ने 2, मोक्ष मनवानी, रोहित अहिरवार और सुहान यूसुफ ने 1-1 विकेट लिया। वहीं जवाब में अंकुर ने दिन का खेल समाप्त होने तक 7 ओवर में 6 रन बनाए थे और 1 विकेट का नुकसान हुआ था, जिनमें सुहान यूसुफ 4 रन पर नाबाद हैं। विराट बिस्वास 1 रन बनाकर अरनव धाकड़ की गेंद पर बोल्ड हुए। आज मैच से पूर्व खिलाड़ियों से बीडीसीए उपाध्यक्ष जुनैद किदवई और जूनियर टीम के चयनकर्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

सेंचुरियन अकादमी 206 पर ऑलआउट, रेलवे गर्वित 18/3*: वहीं, सेंचुरियन मैदान पर एक और मुकाबला सेंचुरियन और रेलवे गर्वित के बीच खेला जा रहा है। पहले दिन सेंचुरियन ने 80.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 206 रन बनाए। इनमें मोहम्मद आयान खान ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। कप्तान शिवांशु मिश्रा ने 49 और अदम्य मडोरसिया ने 25 रन का योगदान दिया। रोहन कुमार दास 24 रन बनाकर नाबाद रहे। रेलवे गर्वित के सूर्यांश मीणा ने 4, जबकि सक्षम महले ने 2 विकेट झटके। जवाब में रेलवे गर्वित ने 18 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। सेंचुरियन के कप्तान शिवांशु मिश्रा ने 2 तथा रोहन कुमार दास ने 1 विकेट लिया। वेदांश मजोका (8) और अर्नव साहू (4) नाबाद क्रीज पर हैं।

जयपाल और नीरज कर चुके हैं लॉस एंजलिस का टिकट कन्फर्म

रजत पदक जीतने के बाद विवान ने तीसरा एलए 28 ओलंपिक कोटा पक्का किया

विवान के ट्रैप रजत और अंकुर गोयल की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्तौल में डबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विवान कपूर ने गुरुवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप राइफल / पिस्टल / शॉटगन में पुरुष ट्रैप में रजत पदक जीता। उनके पोडियम फिनिश ने चल रही चैंपियनशिप में लॉस एंजेल्स 2028 (एलए 28) ओलंपिक खेलों के लिए भारत का तीसरा कुल कोटा सुनिश्चित किया। विवान की उपलब्धि से पहले जयपाल मालवीय और नीरज कुमार द्वारा दोहा में कोटा जीतने वाले प्रदर्शन की श्रृंखला जारी रही।

जयपाल ने 5 नवंबर को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत जीतकर भारत का एलए 28 कोटा खाता खोला। उसके बाद बुधवार को नीरज ने पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर दूसरा कोटा जोड़ा। लुसैल शूटिंग कॉम्प्लेक्स में प्रतिस्पर्धा करते हुए, विवान कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान के साथ शीर्ष पर बराबरी पर रहे।

कैबिनेट मंत्री कुशवाह ने दोनों भाई-बहन का किया सम्मान

पैरा आर्म रेसलिंग में रोहित ने जीते दो कांस्य बहन खुशी ने हासिल की विश्व में चौथी रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय पैरा आर्म रेसलर रोहित सिंह ने विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीतकर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं उनकी बहन खुशी लहरिया ने भी विश्व स्तर पर चौथी रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि पर गुरुवार को चार इमली कार्यालय में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

उन्होंने रोहित सिंह और खुशी लहरिया को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



रोहित की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां

- 47वीं वर्ल्ड आर्म रेसलिंग एवं 28वीं वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग 26-गई दिल्ली: 02 कांस्य पदक।
- वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 20259बुल्गारिया: भारत का प्रतिनिधित्व।
- वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग कप – ताशकंद: 01 स्वर्ण पदक।
- एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप-दिल्ली: 01 स्वर्ण एवं 02 कांस्य पदक।
- नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026- गुजरात: 02 स्वर्ण पदक।
- नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग 2025 केरल: 02 स्वर्ण पदक।
- पीएफआई पैरा आर्म रेसलिंग कप 259 ग्वालियर: 02 स्वर्ण पदक

लाइफ स्टाइल



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं अर्चना

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है। आमतौर पर बॉलीवुड और टीवी सितारों के घरों में सफेद रंग, महंगे फर्नीचर और बेहद सलीके से सजाए गए इंटीरियर देखने को मिलते हैं, लेकिन कृष्णा का घर इससे काफी अलग है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, ये गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज कई घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेनसी टास्क में माही विज की 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से यंग डीएसए, उदिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए इंस्टाग्राम पर लिख, 'बिग बॉस में जो कुछ भी हुआ है, उसे देखने के बाद मैंने एक पिता के तौर पर ये फैसला लिया है कि मैं अब कभी भी अपने बच्चों को बिग बॉस नहीं देखने दूंगा।' जय ने नाराजगी जाहिर करते हुए आगे लिखा, 'मैंने ये डिसाइड किया था कि मैं कभी भी किसी के गेमप्ले पर अपनी राय नहीं दूंगा और न ही किसी एक इंसान के बारे में बात करूंगा।

एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यूं तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है।



ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर फिर छाएंगे दिलजीत, मैडोना संग करेंगे परफॉर्म

मुंबई। पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओओ, फोएबे ब्रिजर्स और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे।



14-21 नवंबर तक कानपुर में होगी प्रतियोगिता

एआईयू अंतर विश्वविद्यालयीन सेंट्रल ज़ोन फुटबॉल के लिए आरएनटीयू की टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), रायसेन की पुरुष फुटबॉल टीम एआईयू (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज) अंतर विश्वविद्यालयीन सेंट्रल ज़ोन फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने के लिए गुरुवार को रवाना हो गई। टीम कोच विजेंद्र परमार एवं मैनेजर राहुल शिंदे के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही हैं। यह प्रतियोगिता छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में 14-21 नवंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों के कुल 16 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें कप्तान आयुष दुबे, गोलकीपर न्याशा चारोवा, गोलकीपर शिवम पाटीदार, अंकुर त्रिपाठी, तडिवानाइशे जोसेफ टाडु, मोहित सोनी, देवांशु सिंह मरावी, वंश वर्मा, के. पुंशी सिंह, अनंत रघुवंशी, लक्ष्य मरावी, विनय सिंह, एम.डी. रेहान, साहिल शुक्ला, पाओलेनमोई चोंग लोई एवं जीशान खान शामिल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930